इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
विज्ञान विद्यापीठ

BPHEL-142
आधुनिक भौतिकी के तत्व: प्रयोगशाला

प्रयोग 1

pn-डायोड के *V-I* अभिलक्षिणिक से बोल्ट्स़मान नियतांक का निर्धारण। 5

प्रयोग 2

कम से कम चार रंगों के एलईडी (LED) का उपयोग करके प्लांक नियतांक का निर्धारण 11

प्रयोग 3

पारे के आयनन विभव का निर्धारण 17

प्रयोग 4

हाइड्रोज़न परमाणु की H- अलफ़ा उत्सर्जन रेखा की तरंगदैर्घ्य का निर्धारण 23

प्रयोग 5

आयोडीन वाष्प के स्पेक्ट्रम में अवशोषण रेखाओं का अध्ययन 31

प्रयोग 6

लेसर स्त्रोत के उपयोग करके एकल और द्वि–स्लिट विवर्तन चित्र का अध्ययन और लेसर का तरंगदैर्घ्य निर्धारण 37

प्रयोग 7

प्रकाश विद्युत् प्रभाव का अध्ययन 45

प्रयोग 8

चुम्बकीय फ़ोकसन से *e/m* का निर्धारण। 55

प्रयोग 9

मिलिकन बिंदुपात प्रयोग का स्थापन और इलेक्ट्रॉन के आवेश का निर्धारण 61

प्रयोग 10

दंड चुंबक से *e/m* का निर्धारण 67

पाठ्यक्रम अभिकल्प समिति

प्रो. ए.के. घटक (*सेवानिवृत्त*)
आई. आई. टी., दिल्ली
दिल्ली

प्रो. सुरेश गर्ग (*सेवानिवृत्त*)
विज्ञान विद्यापीठ
इं.गां.रा.मु.वि., नई दिल्ली
कुलपति,
ऊषा मार्टिन विश्वविद्यालय

प्रो. आर.एम. मेहरा (*सेवानिवृत्त*)
इलेक्ट्रॉनिकी विभाग,
दक्षिण परिसर
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

डॉ. अशोक गोयल (*सेवानिवृत्त*)
भौतिकी विभाग, हंसराज कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

डॉ. पार्थसारथी
भौतिकी विभाग, महाराजा अग्रसेन कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

प्रो. एम.एस. नाथावत
भूतपूर्व निदेशक, विज्ञान विद्यापीठ,
इं.गां.रा.मु.वि., नई दिल्ली

प्रो. विजयश्री
विज्ञान विद्यापीठ
इं.गां.रा.मु.वि., नई दिल्ली

प्रो. सुदीप रंजन झा
विज्ञान विद्यापीठ
इं.गां.रा.मु.वि., नई दिल्ली

प्रो. शुभा गोखले
विज्ञान विद्यापीठ
इं.गां.रा.मु.वि., नई दिल्ली

प्रो. संजय गुप्ता
विज्ञान विद्यापीठ
इं.गां.रा.मु.वि., नई दिल्ली

डॉ. शुभलक्ष्मी लांबा
विज्ञान विद्यापीठ
इं.गां.रा.मु.वि., नई दिल्ली

पाठ्यक्रम निर्माण दल

डॉ. दिव्या हरिदास
(प्रयोग 1,2,5)
केशव महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय ,दिल्ली
डॉ. राकेश मलिक
(प्रयोग 6,10)
आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

डॉ. रक्षा शर्मा
(प्रयोग 7)
किरोड़ी मल कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

डॉ. एम. बुआजबू न्यूमइ
(प्रयोग 3,4,8,9)
विज्ञान विद्यापीठ
इं.गां.रा.मु.वि., नई दिल्ली

पाठ्यक्रम समन्वयकः डा. शुभलक्ष्मी लांबा, डॉ. एम. बुआजबू न्यूमई

अनुवाद

डॉ. शुभलक्ष्मी लांबा
विज्ञान विद्यापीठ
इं.गां.रा.मु.वि., नई दिल्ली

खंड मुद्रण

सहायक कुल सचिव (प्रकाशन), इग्नू

आभार : श्री गोपाल कृष्ण अरोड़ा, ई.डी.पी., विज्ञान विद्यापीठ, इग्नू को सीआरसी बनाने के लिए।

मई, 2022

© *इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, 2022*

ISBN:

अस्वीकरण : इस पाठ्यक्रम में इंटरनेट से ली गई सामग्री का उपयोग केवल शैक्षणिक उद्देश्य के लिए किया गया है, व्यावसायिक उद्देश्य के लिए नहीं।

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस कार्य का कोई भी अंश इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की लिखित अनुमति लिए बिना मिमियोग्राफ अथवा किसी अन्य साधन से पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों के विषय में और अधिक जानकारी विश्वविद्यालय के कार्यालय मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068 और इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in से प्राप्त की जा सकती है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. सुजाता वर्मा, निदेशक, विज्ञान विद्यापीठ द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित।

आधुनिक भौतिकी के तत्वः प्रयोगशाला

बीपीएचईटी–141 पाठ्यक्रम की इकाई 4 मेंआपने उन महत्वपूर्ण प्रयोगों के बारे में अध्ययन किया जिन्होंने क्वांटम यांत्रिकी के विकास की नींव रखी। इन प्रयोगों को समझाने के लिए नई अवधारणाओं की आवश्यकता थी जो क्लासिकी विचारों से बिल्कुल अलग थीं। आज ये विचार भौतिक दुनिया की हमारी समझ का एक आंतरिक हिस्सा हैं।वे कई उन्नत प्रयोगात्मक उपकरणों और युक्तियों का आधार भी बनाते हैं।इस प्रयोगशाला पाठ्यक्रम में, आप क्वांटम यांत्रिकी की मूलभूत अभिधारणाओं पर आधारित प्रयोगकरेंगे जिनका आपने खंड 2 में अध्ययन किया है।आप महत्वपूर्ण मौलिक नियतांक निर्धारित करेंगे, परमाणु के क्वांटम मॉडल और विकिरण की क्वांटम प्रकृति का सत्यापन करेंगे।हमें उम्मीद है कि यह पाठ्यक्रम आपको क्वांटम भौतिकी की अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा और ये भी कि प्रयोगात्मक प्रेक्षणा ं को समझाने के लिए वे क्यों आवश्यक हैं।आपेक्षिकता के विशिष्ट सिद्धांत और नाभिकीय भौतिकी , जिनका आपने बीपीएचईटी–141 के खंड 1 और 4 में अध्ययन किया है, पर प्रयोग, स्नातक स्तर के इस पाठ्यक्रम के दायरे से बाहर हैं।

जैसा कि आपके पहले प्रयोगशाला पाठ्यक्रमा में था, इस पाठ्यक्रम की अध्ययन सामग्री प्रत्येक प्रयोग के स्पष्ट उद्देश्यों को बताएगी, प्रासंगिक सैद्धांतिक पृष्ठभूमि प्रदान करेगी और प्रयोग को पूरा करने के लिए चरण–दर–चरण मार्ग दर्शिका भी प्रदान करेगी।अब तक आप भौतिक विज्ञान की प्रयोगशाला में प्रयुक्त होने वाले अनेक उपकरणों से परिचित हो चुके हैं। यदि कोई नया उपकरण प्रयोग किया जाता है, तो उसका संक्षिप्त परिचय अध्ययन सामग्री में दिया गया है।प्रयोगकरने से पहले, कृपया प्रत्येक प्रयोग को ध्यान से पढ़ें।

इस पाठ्यक्रम के प्रयोग 1 और 2 में, आप दो महत्वपूर्ण मूलभूत नियतांकों का मान निर्धारित करेंगे, अर्थात् बोल्ट्समान नियतांक और प्लांक नियतांक। आप पहले ही बीपीएचसीएल–134 के प्रयोग 9 में *pn*-संधि डायोड की *I-V* अभिलक्षणिकों का अध्ययन कर चुके हैं।इस पाठ्यक्रम के प्रयोग 1 में, आप शाक्ले डायोड समीकरण का उपयोग करते हुए *pn*-संधिडायोड की *I-V* अभिलक्षणिकों से बोल्ट्समान नियतांक का मान निर्धारित करेंगे। प्रयोग 2 में, आप विभिन्न रंगीन एल ई डी का उपयोग करके और उनकी *I-V* अभिलक्षणिकों से प्लांक नियतांक का मान निर्धारित करेंगे। एल ई डी एक महत्वपूर्ण अर्धचालक उपकरण हैं और हमने उनके काम करने का एक संक्षिप्त विवरण शामिल किया है।

प्रयोग 3 में आप पारे के आयनन विभव का मान ज्ञात करेंगे। यह प्रयोग जेम्स फ्रैंक और गुस्ताव हट्र्ज़ के प्रसिद्ध 1914 के प्रयोग का विस्तार है, जो पहला वैद्युत मापन था जिसने परमाणुओं की क्वांटम प्रकृति को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया और बोर मॉडल के अनुरूप था।इस प्रयोग में, आप पारे के आयनन विभव का निर्धारण करने के लिए एक पारे से भरे डायोड का उपयोगकरेंगे, जिसे परमाणु से एक इलेक्ट्रॉन को निकालने के लिए आवश्यक न्यूनतम ऊर्जा के रूप में परिभाषित किया जाता है।

प्रयोग 4 में आप हाइड्रोजन परमाणु के उत्सर्जन स्पेक्ट्रम का अध्ययन करेंगे।जब एक हाइड्रोजन परमाण ु विद्युत विसर्जन से उत्तेजित होता है, तो यह दृश्य क्षेत्र में रेखाओं की एक श्रेणी का उत्सर्जन करता है जिसे बामर श्रेणी कहा जाता है।बामर श्रेणी की रेखाओं की तरंगदैर्घ्य का निर्धारण करने के लिए आप बामर द्वारा प्रस्तावित अनुभवजन्य संबंध का उपयोग करेंगे। H- अल्फा उत्सर्जन रेखा दो विक्तिक्त ऊर्जा स्तरों($n = 3 \rightarrow n = 2$) के बीच इलेक्ट्रॉन के संक्रमण द्वारा निर्मित होती है। उत्सर्जन स्पेक्ट्रम में रेखाएं परमाणु

में क्वांटमीकृत ऊर्जा स्तरों के बीच इलेक्ट्रॉन के संक्रमण से उत्पन्न होती हैं।तो यह प्रयोग भी बोर के परमाणु मॉडल का सत्यापन है।

प्रयोग 5 में आप आयोडीन वाष्प के अवशोषण स्पेक्ट्रम का अध्ययन करेंगे। आयोडीन एक द्वि परमाणुक अणु है।जैसा कि आप इस प्रयोग में अध्ययन करेंगे, परमाणुओं की तरह, अणुओं में भी विविक्त ऊर्जा स्तर होते हैं।आणविक ऊर्जा स्तर,परमाणु ऊर्जा स्तरों की तुलना में अधिक जटिल होत हैं,क्योंकि अणुओं में उनकी घूर्णी/कंपन गति के कारण कई स्वतंत्रता कोटि होती है।अणु का अवशोषण स्पेक्ट्रम भी विविक्त ऊर्जा स्तरों के बीच इलेक्ट्रॉनों के संक्रमण से बनता है।आप एक विवर्तन ग्रेटिंग, जिसका उपयोग आपने बीपीएचसीएल–138 में भी किया है, का उपयोग करके विभिन्न अवशोषण रेखाओं का तरंग दैर्ध्य निर्धारित करेंगे।

प्रयोग 6 में, आप एक लेज़र स्रोत का उपयोग करके एकल और द्वि स्लिट के लिए विवर्तन पैटर्न स्थापित करेंगे और विवर्तन पैटर्न से लेज़र की तरंग दैर्ध्य निर्धारित करेंगे।प्रयोग 7 में आप प्रकाश–विद्युत प्रभाव के विभिन्न अभिलक्षणों का अध्ययन करेंगे।आप प्रकाश–विद्युत प्रभाव के क्वांटमसिद्धांतों को सत्यापितकरेंगे और समझेंगे कि यह प्रयोग विद्युत चुम्बकीय विकिरण की क्वांटम प्रकृति को कैसे स्थापित करता है।

प्रयोग 8, 9, और 10 में आप दो और महत्वपूर्ण भौतिकस्थिरांक, इलेक्ट्रॉन के आवेश संहति अनुपात का मान (*e*/*m*) और इलेक्ट्रॉनिक आवेश (*e*) का मान निर्धारित करेंगे। प्रयोग 8 में, चुंबकीय फोकसन की विधि का उपयोगकरके *e*/*m* का मान निर्धारित किया जाता है। आप सीखेंग कि कैथोड किरण नलिका(CRT) में इलेक्ट्रॉन किरण पुंज के फोकसन के लिए एक चुंबकीय लेंस के रूप में एक धारा वहन परिनालिका का उपयोग कैसे किया जाता है। प्रयोग 9 में, आप विद्युत क्षेत्र के अंतर्गत धातु इलेक्ट्रोड के बीच तेल की बूंदों की गति का अध्ययन करके, मिलिकन बिंदुपात उपकरण काउ पयोगकरके, एक इलेक्ट्रॉन का आवेश निर्धारित करेंगे। यह सरल और सुरुचिपूर्ण प्रयोग एक इलेक्ट्रॉन के आवेश का आश्चर्यजनक रूप से सटीक मान देता है।प्रयोग 10 में, *e*/*m* का मान एक दंड चुंबक द्वारा, CRT से इलेक्ट्रॉन किरण पुंज के विक्षेपण का अध्ययन करके, निर्धारित किया जाता है।

हमें उम्मीद है कि ये प्रयोग आपको भौतिकी में आगे के पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद करेंगे और आपको यह समझने में भी मदद करेंगे कि भौतिक घटनाओं की सटीक समझ स्थापित करन में प्रयोगात्मक और सैद्धांतिक ज्ञान कैसे साथ–साथ चलते हैं।

हम आपकी सफलता की कामना करते हैं!

प्रयोग 1

p-n डायोड के *V-I* अभिलाक्षणिकों का उपयोग करते हुए बोल्ट्समान नियतांक का निर्धारण

इकाई की रूपरेखा

1.1 परिचय
अपेक्षित कौशल
1.2 सैद्धांतिक अवधारणाएँ
शाकले डायोड समीकरण
शाकले डायोड समीकरण से बोल्ट्स मान नियतांक
1.3 अर्धचालक के प्रगोग से बोल्ट्समान नियतांक का मापन
1.4 बोल्ट्समान नियतांक का निर्धारन
1.5 सावधानियां और त्रुटि के स्रोत

1.1 परिचय

हमारे दैनिक जीवन में हम विभिन्न प्रकार की पदार्थों के साथ काम करते हैं। इनमें से कुछ पदार्थ विद्युत् चालान करते हैं रहे हैं और अन्य बिल्कुल भी नहीं करते हैं। घर में इस्तेमाल होने वाले बिजली के तार तांबे और एल्यूमीनियम जैसे पदार्थों के बने होते हैं । ऐसी पदार्थों को अच्छे चालक या सुचालक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। रबर, प्लास्टिक और कपास जैसी कुछ पदआर्थ विद्युत धारा को बिल्कुल भी संचरित नहीं करती हैं और इन्हें विद्युत् रोधी पदार्थ (इन्सुलेटर) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। पदार्थों का एक और समूह है जिन की विद्युत् चालकता एक सुचलक और और एक कुचलक के बीच की होती है। उन्हें अर्धचालक के रूप में जाना जाता है। अर्धचालक परम शून्य तापमान पर एक इन्सुलेटर जैसा व्यवहार करते हैं। कमरे के तापमान पर इन पदार्थों की चालकता सुचालक की तुलना में काफी कम होती है लेकिन विद्युत् रोधी पदार्थ की तुलना में बहुत अधिक होती है। यही कारण है कि इन पदार्थों को अर्धचालक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। BPHEL–134 के प्रयोग 9 में आपने अर्धचालकों की *VI* अभिलाक्षणिकों कैसे प्राप्त किये जाते हैं यह सीखा है।इस प्रयोग में आप सीखेंगे कि *pn* संधि डायोड के *VI* अभिलाक्षणिकों से बोल्ट्स मान नियतांक कैसे ज्ञात किया जाता है ।

अपेक्षित कौशल

इस प्रयोग को करने के बाद, आप इस योग्य होंगे कि

- *p-n* संधि डायोड के *V-I* अभिलाक्षणिकों को प्राप्त करने के लिए उपकरण व्यवस्थित कर पाएंगेः और
- *V-I* अभिलाक्षणिकों से बोल्ट्समान नियतांक की गणना कर सकेंगे ।

इस प्रयोग को करने के लिए आपको निम्नलिखित उपकरण की आवश्यकता होगी।

आवश्यक उपकरण

p-n संधि डायोड, DC विद्युत् प्रदाय, धारा नियंत्रक, मिलीऐमीटर, अंकीय वोल्टता मापी (कम से कम अल्पतमांक वाली) और संयोजी तार।

प्रयोग शुरू करने से पहले, आइए बुनियादी अंतर्निहित अवधारणाओं पर संक्षेप में चर्चा करें।

1.2 सैद्धांतिक अवधारणाएं

1.2.1 शाकले डायोड समीकरण

आपके प्रयोगशाला पाठ्यक्रम BPHEL–134 के प्रयोग 9 में, आपने अर्धचालक और *p-n* डायोड की बुनियादी अवधारणाओं का अध्ययन किया है। आपने *p-n* संधि डायोड के *V-I* अभिलाक्षणिकों को अग्रदिशिक और पश्चदिशिक बायसित स्थितियों में भी प्राप्त की हैं। सामान्य तौर पर *V-I* अभिलाक्षणिकों का वर्णन निम्नलिखित शाकले डायोड समीकरण द्वारा किया जाता हैः

$$I_D = I_S\left(e^{V_D/\eta V_T} - 1\right) \qquad (1.1)$$

जहाँ डायोड धारा है।

I_D डायोड धारा है।

I_S पश्चदिशिक संतृप्ति धारा है।

V_D डायोड में अनुप्रयुक्त वोल्टता है।

V_T तापीय वोल्टता है

η एक आदर्शता कारक है, जो प्रचलन दशा और भौतिक रचना पर निर्भर करता है और इसका परिसर १ से २ के बीच है, जो कि कई कारकों पर निर्भर करता है ।इसका मान ३.(जीई) और ३.(सी के लिए)।

इसका मान $\eta = 1$ (Ge के लिए) और $\eta = 2$ (Si के लिए) ।

$\eta = 1$, के लिए समीकरण (1.1) आदर्श शाकले डायोड समीकरण कहलाता है। तापीय वोल्टता V_T निम्न रूप में परिभाषित हैः

$$V_T = \frac{k_B T}{e} \qquad (1.2)$$

जहां

k_B बोल्ट्समान नियतांक है (= 1.38 X 10^{-23} JK^{-1})

T केल्विन में परम तापमान है (=°C में तापमान + 273)

e इलेक्ट्रॉनिक आवेश का परिमाण है (= 1.6×10^{-19} C)

समीकरण1.1 का एक प्रतिरूपी आलेख चित्र 1.1 में दिखाया गया है।



चित्र 1.1: शाकले डायोड समीकरण का प्रतिरूपी आलेख ।

V_D के धनात्मक मानों के लिए, समीकरण (1.1) का पहला पद यानी $I_D = I_S e^{V_D/\eta V_T}$ बहुत तेजी से बढ़ेगा और दूसरे पद, यानी I_S, की तुलना में बहुत अधिक होगा ।इसलिए पहले पद की तुलना में दूसरे पद की आसानी से उपेक्षा की जा सकती है। इससे समीकरण(1.1) को हम लिख सकते है :

$$I_D \cong I_S e^{V_D/\eta V_T} \qquad (1.3)$$

V_D के ऋणात्मक मानों के साथ , पहला पद (चर घातांकी पद) बहुत जल्दी समाप्त हो जाता है, जिससे निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होता है :

$$I_D \cong -I_S \qquad (1.4)$$

1.2.2 शाकले डायोड समीकरण से बोल्ट्समान नियतांक

V_T को समीकरण (1.2) से समीकरण (1.1) में प्रतिस्थापित करने पर हम प्राप्त करते हैं:

$$I_D = I_S\left(e^{V_D e/\eta k_B T} - 1\right) \qquad (1.5)$$

समीकरण (1.5) के दोनों पक्षों का लघुगुणक लेने पर हमें मिलता है

$$\log_{10} I_D = \log_{10} I_S + \frac{V_D e}{2.303\eta k_B T} \qquad (1.6)$$

$\log_{10} I_D$ और V_D के बीच ग्राफ़ आलेखित करने पर हम देख सकते हैं की प्रवणता (slope) होगी $\frac{e}{2.303\eta k_B T}$, जिससे बोल्ट्समान नियतांक का मूल्यांकन किया जा सकता है:

$$Slope = \frac{e}{2.303\eta k_B T} \Rightarrow k_B = \frac{e}{2.303\eta T(Slope)} \qquad (1.7)$$

इस प्रारंभिक ज्ञान के साथ अब आप प्रयोग कर सकते हैं।

1.3 अर्धचालक के प्रगोग से बोल्ट्समान नियतांक का मापन

प्रयोग करने के लिए नीचे वर्णित प्रक्रिया का अनुसरण करें ।

1. चित्र 1.2 के अनुसार संबंधन बनाएं। *p-n* डायोड को अग्रदिशिक बायसित विधि में जोड़ें । वोल्टतामापी को डायोड के आर–पार और एक मिली ऐमीटर को श्रेणी क्रम में परिपथ से जोड़ें ।



चित्र 1.2: *p-n* डायोड के *V-I* अभिलाक्षणिकों से बोल्ट्समान नियतांक निर्धारित करने के लिए परिपथ आरेख ।

2. छोटे चरणों में निवेशी वोल्टता को 0 V से बढ़ाएं। वोल्टतामापी डायोड के आर–पार वोल्टता (V में) मापेगा और ऐमीटर परिपथ में बहने वाली धारा का मापन करेगा।
3. प्रेक्षण सारणी 1.1 में वोल्टता और धारा की रीडिंग के पाठ्यांक लिखें । एक अंकीय वोल्टता मापी और ऐमीटर (अधिमानतः कम से कम अल्पतमांक वाली) का प्रयोग अधिकतम पाठ्यांक सुनिश्चित करेगा और त्रुटि की संभावना को भी कम करेगा।
4. पाठ्यांक तब तक लें जब तक कि करंट 20उ। का मान तक न पहुंच जाए। कमरे के तापमान पर ध्यान दें।
5. वोल्टता V (x- अक्ष के अनुदिश) के साथ $\log_{10} I_D$ (y- के अनुदिश) का एक ग्राफ़ बनायें । एक प्रतिरूपी आलेख चित्र 1.3 में दिखाया गया है । क्योंकि $\log_{10} I_D$ ऋणात्मक हैं , इसलिए ग्राफ को चौथे चतुर्थांश में आलेखित किया गया है। एक सीधी रेखा प्राप्त होती है।

प्रेक्षण सारणी 1.1: धारा का वोल्टता के साथ विचरण

तापमान, T =.....K

वोल्टतामापी का अल्पतमांक =..... V

ऐमीटर का अल्पतमांक =..... A

S.No.	वोल्टता *V* (Volts)	धारा *I* (mA)	धारा *I* (A)	$Log_{10} I$
1.				
2.				
3.				
4.				
5.				
6.				
7.				
8.				
9.				
10.				
11.				
12.				
13.				
14.				
15.				
16.				

1.4 बोल्ट्समान नियतांक का निर्धारण

सीधी रेखा की प्रवणता की गणना इस प्रकार करें जैसा की चित्र 1.3 में दिखाया गया है (प्रवणता धनात्मक है):

$$Slope = \frac{AB}{BC}$$



चित्र 1.3: $\log_{10} I$ का *V* के साथ आलेख।

बोल्ट्समान नियतांक k_B की गणना निम्न समीकरण से कर सकते हैं:

$$k_B = \frac{e}{2.303\eta T} \times \frac{1}{Slope}$$

e और T के मानों का उपयोग करके और η का मान रखने पर (300 K पर, एक सिलिकॉन डायोड के लिए η का मान 2 है) k_B के मान की गणना निम्न रूप से कर सकते हैं

$$k_B = \frac{11.59 \times 10^{-23}}{Slope} = ...JK^{-1}$$

परिणाम

बोल्ट्समान नियतांक = $.....JK^{-1}$

मानक मान = $1.38 \times 10^{-23} JK^{-1}$

प्रतिशत त्रुटि = $1.38 \times 10^{-23} JK^{-1}$

1.5 सावधानियाँ और त्रुटि के स्रोत

- आदर्शता कारक का मान जर्मेनियम डायोड के लिए 1 के बराबर है और सिलिकॉन डायोड के लिए 2 के बराबर है। प्रयोग में प्रयुक्त मान चद जंक्शन डायोड के अनुसार लिए जाएँ ।

- चद जंक्शन डायोड अग्रदिशिक रूप में जुड़ा होना चाहिए ।

- निवेशी वोल्टता को धीरे–धीरे बढ़ाया जाना चाहिए और इसे उच्च मूल्य तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए अन्यथा यह डायोड को नुकसान पहुंचा सकता है।

प्रयोग 2

कम से कम चार अलग–अलग रंगों के एलईडी का उपयोग करके प्लांक नियतांक का निर्धारण

प्रयोग की रूपरेखा

2.1 परिचय
अपेक्षित कौशल
2.2 प्रकाश उत्सर्जक डायोड (एलईडी)
एक एलईडी का प्रचालन
एलईडी के *I-V* अभिलाक्षणिक
2.3 विभिन्न रंगों के एलईडी का उपयोग करते हुए प्लांक नियतांक का मापन
2.4 प्लांक नियतांक का परिकलन
2.5 सावधानियां और त्रुटि के स्रोत

2.1 परिचय

प्लांक नियतांक, *h*, एक मौलिक भौतिक नियतांक है जो परमाण्वीय पैमाने पर कणों और तरंगों के व्यवहार की व्याख्या करता है और प्रकाश के कण पहलु को समझाता है । आपने बीपीएचईटी–141 पाठ्यक्रम के खंड 2 में प्लांक नियतांक की प्रासंगिकता के बारे में अध्ययन किया है। इस प्रयोग में हम एक प्रकाश उत्सर्जक डायोड (एलईडी) का उपयोग करके प्लांक नियतांक का मान निर्धारित करते हैं।

प्रायोगिक रूप से प्लांक नियतांक निर्धारित करने के लिए, आपको आवृत्ति ν के फोटॉन की ऊर्जा, $h\nu$, को जानना होगा । यह दो तरीकों से किया जा सकता हैः i) पदार्थ के अवशोषित ऊर्जा का निर्धारण करके जब एक फोटॉन उस पर आपतित होता है, या ii) एक फोटॉन उत्सर्जित होने पर पदार्थ द्वारा खोई गई ऊर्जा का निर्धारण करके। प्रकाश विद्युत् प्रभाव का उपयोग करके प्लैंक के स्थिरांक को निर्धारित करने में हम पहली अवधारणा का उपयोग करते हैं। इस प्रयोग में हम दूसरी विधि का उपयोग करते हैं जहां विभिन्न रंगों के एलईडी का उपयोग करके फोटॉन के उत्सर्जन का अध्ययन किया जाता है।

अपेक्षित कौशल

सक्षम होना चाहिए

- ❖ एक एलईडी के प्रचालन को समझ पाएंगे;
- ❖ प्लांक नियतांक का निर्धारण करने के लिए उपकरण को व्यवस्थित कर पाएंगे ;
- ❖ कोष्ठ ताप पर एलईडी के *I-V* अभिलाक्षणिकों को आरेखित कर पाएंगे ;
- ❖ प्रकाश की तरंग दैर्ध्य के साथ देहली वोल्टा के विचरण को समझ सकेंगे ; और
- ❖ प्लांक नियतांक का परिकलन कर सकेंगे ।

इस प्रयोग को करने के लिए आपको निम्नलिखित उपकरण की आवश्यकता होगी।

आवश्यक उपकरण

पांच अलग रंगों के एलईडी ,DC विद्युत प्रदाय , धारा नियंत्रक, मिलीऐमीटर(0–20 mA), अंकीय वोल्टतामापी(अल्पतमांक 0.05 V) और संबंधन तार।

प्रयोग शुरू करने से पहले, आइए बुनियादी अंतर्निहित अवधारणाओं पर संक्षेप में चर्चा करें। आइए अब एलईडी के प्रचालन और गुणधर्मों के बारे में अध्ययन करें।

2.2 प्रकाश उत्सर्जक डायोड (एलईडी)

2.2.1 एलईडी का प्रचालन

एलईडी एक विशेष प्रकार का *p-n* संधि डायोड है जो दृश्य के साथ–साथ, अवरक्त और पराबैंगनी परिसर में भी विकिरण का उत्सर्जन करता है, जब उन पर एक उपयुक्त अग्रदिशिक बायस (वोल्टता) लागू किया जाता है। कम ऊर्जा खपत, छोटे आकार और लंबे जीवनकाल के कारण अब इलेक्ट्रॉनिकी उद्योग में एलईडी का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। एलईडी तेजी से ताप दीप्त लैंप की जगह ले रहे हैं। आमतौर पर प्रकाश उत्सर्जक डायोड गैलियम आर्सेनाइड (GaAs), गैलियम फॉस्फाइड (GaP), गैलियम आर्सेनाइड फॉस्फाइड (GaAsP), सिलिकॉन कार्बाइड (SiC),या गैलियम इंडियम नाइट्राइड (GaInN),या अन्य आमिश्र अर्धचालकों से बने होते हैं। इन्हें एक विशेष रंग (तरंग दैर्ध्य) के प्रकाश का उत्पादन करने के लिए विभिन्न अनुपातों में मिलाया जाता है । एलईडी द्वारा उत्सर्जित प्रकाश का रंग उस अर्धचालक पर निर्भर करता है जिससे यह बना है। उदाहरणतः GaAsP एलईडी लाल रंग (630 से 660 nm) और SiC एलईडी नीला रंग (430 से 505 nm) का प्रकाश उत्सर्जित करती है ।

p-n संधि डायोड की तरह एलईडी भी केवल अग्रदिशिक बायस स्थिति में प्रचालित होती है । एलईडी के साथ काम करने के लिए, अर्धचालक के *n*-क्षेत्र को बैटरी के ऋणात्मक सिरे से और *p*-क्षेत्र को बैटरी के धनात्मक सिरे से जोड़ा जाना चाहिए । चित्र 2.1 (क)

में एक प्रतिरूपी एलईडी दिखाया गया है। चित्र 2.1 (ख) में योजनाबद्ध प्रतीक और पारंपरिक धारा प्रवाह दिखाया गया है।



(क)



(ख)

चित्र 2.1:क) विभिन्न रंगों के एलईडी *(Afrank99, CC BY-SA 2.0 <https://creativecommons.org/licenses/by-sa/2.0>, via Wikimedia Commons)*; **ख) एक एलईडी का प्रतीकात्मक निरूपण ।**

ध्यान दें कि एक एलईडी का प्रतीक, एक डायोड का मानक प्रतीक है, जिसमें दो छोटे तीर जोड़े गए हैं जो उत्सर्जन (प्रकाश का) दर्शाते हैं। *"A"* ऐनोड है, या धनात्मक (+ प्लस) संबंधन है, और *"A"* कैथोड, या ऋणात्मक (–) संबंधन है। यह भी ध्यान दें कि एलईडी के दो टर्मिनल (चालक तार) असमान लंबाई के हैं। लंबी चालक तार ऐनोड है और छोटी चालक तार कैथोड है।

अगर आवृत्ति ν के प्रकाश के उत्सर्जन के लिए आवश्यक न्यूनतम वोल्टता का मान V_0 हो (जिसे आरंभन वोल्टता या देहली वोल्टता भी कहा जाता है) जब एक एलईडी को अग्रदिशिक बायस स्थिति में जुड़ा हो, हम लिख सकते हैं:

$$eV_0 = h\nu \qquad (2.1)$$

एलईडी द्वारा उत्सर्जित फोटॉन की ऊर्जा है :

$$E = h\nu = h\frac{c}{\lambda} \qquad (2.2)$$

जहां ν आवृत्ति है और λ उत्सर्जित विकिरण की संगत तरंग दैर्ध्य है समीकरण (2.1 और 2.2) से हम प्राप्त करते हैं

$$eV_0 = h\left(\frac{c}{\lambda}\right) \Rightarrow V_0 = \frac{hc}{e}\left(\frac{1}{\lambda}\right) \qquad (2.3)$$

समीकरण (2.3) से आप देख सकते हैं कि, यदि V_0 (y- अक्ष के अनुदिश) and $1/\lambda$ (x-अक्ष के अनुदिश) के बीच एक ग्राफ आलेखित किया जाए तो एक सीधी रेखा प्राप्त होगी, जिसकी प्रवणता hc/e है । इस प्रकार प्लांक नियतांक को ग्राफ के प्रवणता से निर्धारित किया जा सकता है।

तो, प्लांक नियतांक का मूल्यांकन समीकरण (2.3) से किया जा सकता है यदि V_0 और λ ज्ञात हैं। इसके लिए एलईडी के I-V अभिलक्षणिक प्राप्त करने होंगे।

2.2.2 एलईडी के *I-V* अभिलाक्षणिक



चित्र 2.2: विभिन्न रंगों के एलईडी के लिए *I-V* अभिलक्षणिक

एलईडी के *I-V* अभिलक्षणिकों का अध्ययन करने के लिए, यह परिपथ में अग्रदिशिक बायस विन्यास में जुड़ा होता है, जिसमें *p*-प्रकार (ऐनोड) बैटरी के धनात्मक टर्मिनल से जुड़ा होता है और *n*-प्रकार (कैथोड) के ऋणात्मक टर्मिनल से जुड़ा होता है। इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि परिपथ में एलईडी सही ढंग से जुड़ी हो अन्यथा यह प्रदीप्त नहीं हो पाएगी। अग्रदिशिक बायस विन्यास में जुड़े होने पर एक एलईडी " धारा सीमित" होनी चाहिए, जिसका अर्थ है कि अग्रदिशिक धारा का एक सुरक्षित मान होना चाहिए, जो एक साधारण एलईडी के लिए 5 mA से 30 mA है। अगर उससे अधिक द्युति के प्रकाश उत्पादन करने की आवश्यकता हो तो इसे अतिरिक्त धारा प्रवाह से बचाने के लिए परिपथ में श्रेणी में जुड़े एक प्रतिरोधक का उपयोग करके प्राप्त किया जाता है। है। एलईडी को सीधे बैटरी या विद्युत प्रदाय से नहीं जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि इससे अधिक मात्रा में धारा प्रवाहित होगा और एलईडी क्षतिग्रस्त हो सकती है। चित्र 2.2 में विभिन्न रंगों के एलईडी के लिए *I-V* अभिलक्षणिक दिखाये गये है । इस प्रारंभिक ज्ञान के साथ अब आप प्रयोग कर सकते हैं।

2.3 विभिन्न रंगों के एलईडी का उपयोग करते हुए प्लांक नियतांक का मापन

प्रयोग करने के लिए नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन करें।

1. चित्र 2.3 में दिखाए अनुसार संबंधन बनाएं। एक परिवर्ती विद्युत प्रदाय का उपयोग किया जा सकता है या एक धारा नियंत्रक का उपयोग, 5V DC की एक निश्चित विद्युत प्रदाय के आर–पार एक विभव–विभाजक के रूप में किया जा सकता है, ताकि आवश्यक छोटे चरणों में एलईडी में वोल्टता को बदल सके। वोल्टामापी को एलईडी के आर–पार और एक मिलीऐमीटर को परिपथ में श्रेणी में जोडें।



चित्र 2.3 :विभिन्न रंगों के एलईडी का उपयोग करके प्लांक नियतांक के मापन के लिए परिपथ आरेख।

2. विभिन्न रंगों के एलईडी (चित्र 2.3 में *A*, *B*, *C*, *D* और *E* द्वारा इंगित) को परिपथ में जोड़ा जाता है, जैसा कि चित्र 2.3 में दिखाया गया है। प्रत्येक एलईडी का प्रेक्षण लेने के लिए, बिंदु *O* को क्रमशः 1,2,3,4 और 5 टर्मिनलों से एक–एक करके जोड़ा जाता है।

3. छोटे चरणों में अनुप्रयुक्त वोल्टता को 0 V से बढ़ाएं। वोल्टतामापी डायोड के आर–पार वोल्टता (ट) को मापेगा और ऐमीटर परिपथ में प्रवाहित धारा को।
4. वोल्टता और धारा के पाठ्यांक प्रेक्षण सारणी 2.1 में लिखें । एक ,अंकीय वोल्टतामापी अधिमानतः कम से कम अल्पतमांक वाला , अधिकतम प्रेक्षण सुनिश्चित करेगा और त्रुटि की संभावना को कम करेगा।

प्रेक्षण सारणी 2.1: वोल्टता के साथ धरा का विचरण

तापमान, T = K
वोल्टतामापी का अल्पतमांक = V
एमीटर का अल्पतमांक = A

प्रेक्षण सारणी 2.1: वोल्टता के साथ धरा का विचरण

क्र. सं.	वोल्टता V (Volts)	धारा I (mA)
1.		
2.		
3.		
4.		
5.		
6.		
7.		
8.		
9.		
10.		
...		

5. वोल्टता (V में) x-अक्ष के अनुदिश और धारा (mA में) y-अक्ष के अनुदिश के साथ एक का ग्राफ़ आलेखित करें।
6. जैसा कि चित्र 2.2 में दिखाया गया है, वक्र के रैखिक भाग को बहिर्वेशित करके V_0 निर्धारित किया जाता है। उत्सर्जित प्रकाश के रंग पर ध्यान दें।
7. प्रत्येक अलग रंग के एलईडी के लिए चरण 4, 5 और 6 दोहराएं और एलईडी के प्रत्येक रंग के लिए वोल्टेज आरंभन वोल्टता निर्धारित करें।
8. प्रत्येक एलईडी के रंग के साथ–साथ, संबंधित एलईडी की डेटाशीट का उपयोग करके इसके द्वारा उत्सर्जित प्रकाश का अधिकतम तरंग दैर्ध्य ज्ञात करें । प्रत्येक एलईडी के तरंगदैर्घ्य का अनुमानित मान प्रेक्षण सारणी 2.2 में दिया गया है। प्रत्येक एलईडी के लिए V_0 और संगत तरंगदैर्घ्य λ का मान प्रेक्षण सारणी 2.2 में लिख लें । V_0 के प्रत्येक मान के लिए , $1/\lambda(m^{-1})$ के मान की गणना करें।

प्रेक्षण सारणी 2.2: विभिन्न एलईडी के लिए V_0 और λ

क्र. सं.	उत्सर्जित प्रकाश का रंग	λ (nm)	$1/\lambda$ (m^{-1})	V_0 (Volt)



चित्र 2.4: V_0 और 1/λ के विचरण का आलेख।

1.	बैंगनी	432		
2.	नीला	472		
3.	हरा	540		
4.	पीला	590		
5.	लाल	695		

9. 1/λ (*x*-अक्ष के अनुदिश) और आरंभन वोल्टता V_0 (*y*-अक्ष के अनुदिश) के साथ एक का ग्राफ़ आलेखित करें। जैसा कि आप चित्र 2.4 में देख सकते हैं ,एक सीधी रेखा प्राप्त होती है।
10. उपरोक्त ग्राफ की प्रवणता hc/e के बराबर है , जहां c प्रकाश की गति है और e इलेक्ट्रॉन का आवेश है। प्रवणता से h के मान की गणना करें।

2.4 प्लांक नियतांक का परिकलन

प्लांक नियतांक के मान की गणना चित्र 2.4 में ग्राफ़ की प्रवणता (जो धनात्मक है) से की जाती है:

$$Slope = \frac{AB}{BC}$$

हम समीकरण (2.3) से यह भी जानते हैं कि: $Slope = \frac{hc}{e}$

इसलिए प्लांक नियतांक का मान निम्नलिखित है:

$$h = \frac{e}{c} \times Slope = ...Js$$

जहां, $h = \frac{e}{c} \times Slope = ...Js$

परिणाम:

प्रयोगात्मक रूप से निर्धारित प्लांक नियतांक का मान = ...Js

मानक मान = 6.626×10^{-34} Js

प्रतिशत त्रुटि = ...%

2.5 सावधानियां और त्रुटि के स्रोत

- एलईडी को अग्रदिशिक बायस विन्यास में जोड़ा जाना चाहिए।
- निवेशी वोल्टता को धीरे–धीरे बढ़ाया जाना चाहिए और इसे उच्च मानों तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए अन्यथा यह एलईडी को नुकसान पहुंचा सकता है।
- एलईडी द्वारा उत्सर्जित प्रकाश की तरंग दैर्ध्य का सटीक मान आवश्यक है। एक स्पेक्ट्रोमीटर का उपयोग करके उत्सर्जित विकिरण का तरंग दैर्ध्य निर्धारित किया जा सकता है।
- एलईडी द्वारा उत्सर्जित तरंगदैर्घ्य का सटीक मान प्राप्त करने के लिए कोई भी लेसर एलईडी का उपयोग कर सकता है।
- आरंभन वोल्टता का सटीक मान निर्धारित किया जाना चाहिए । आरंभन वोल्टता का सटीक मान ज्ञात करते समय मैन्युअल त्रुटि रहती है ।

प्रयोग 3

पारे के आयनन विभव का निर्धारण

इकाई की रूपरेखा

3.1 परिचय
अपेक्षित कौशल
3.2 गैस पूरित ट्यूब
पारा पूरित डायोड
3.3 सैद्धांतिक अवधारणाएं
3.4 प्रायोगिक विधि
3.5 पारे के आयनन विभव का निर्धारण
3.6 सावधानियाँ और त्रुटि के स्रोत

3.1 परिचय

1914 में, जेम्स फ्रैंक और गुस्ताव हट्र्ज ने एक प्रयोग किया, जिसने पारा के परमाणुओं में उत्तेजित अवस्थाआमें के अस्तित्व को सत्यापित किया। यह प्रयोग साबित करता है, कि परमाणु में इलेक्ट्रॉन, विविक्त ऊर्जा अवस्थाओं (स्तरों) में अध्यासित है जो परमाणु के क्वांटम मॉडल की भी पुष्टि करता है। उनके इस कार्य के लिए उन्हें 1925 में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रयोग जो आप करने जा रहे हैं कुछ अर्थों में फ्रैंक-हट्र्ज प्रयोग का विस्तार है। जबकि फ्रैंक-हट्र्ज प्रयोग का उद्देश्य परमाणुओं द्वारा ऊर्जा के अवशोषण और उत्सर्जन का उपयोग करके विविक्त ऊर्जा स्तरों का अध्ययन करना था, यहाँ आप एक परमाणु से एक इलेक्ट्रॉन को निकालने के लिए आवश्यक न्यूनतम ऊर्जा निर्धारित करेंगे। आप पारा की आयनी विभव का निर्धारण करेंगे, जिसे किसी परमाणु से एक इलेक्ट्रॉन को निकालने के लिए आवश्यक न्यूनतम ऊर्जा के रूप में परिभाषित किया जाता है जिससे कि परमाणु आयनित होता है। इलेक्ट्रॉन को, परमाणु के सबसे बाहरी कोश या संयोजकता कोश से हटाया जाता है।

अपेक्षित कौशल

यह प्रयोग करने के बाद आप इस योग्य होंगे कि :

- ❖ आयनी विभव की मूल अवधारणा की व्याख्या कर सकेंगे;
- ❖ गैस पूरित नली की कार्यप्रणाली को समझ सकें;
- ❖ आयनी विभव अध्ययन करने के लिए उपकरण व्यवस्थित कर सकेंगे;
- ❖ कोष्ठ ताप पर *V-I* ग्राफ आलेखित कर पायेंगे; और
- ❖ पारा की आयनी विभव क्षमता का निर्धारण कर सकेंगे।

इस प्रयोग को करने के लिए आपको निम्नलिखित उपकरण की आवश्यकता होगी।

आवश्यक उपकरण

गैस पूरित डायोड, DC विद्युत् आपूर्ति, वोल्टतामापी, मिलीऐमीटर, धारा नियंत्रक और संबंधन तार।

प्रयोग शुरु करने से पहले, आइए गैस से भरी नलियों की कार्यप्रणाली और बुनियादी अंतर्निहित सैद्धांतिक अवधारणाओं की संक्षेप में चर्चा करें।

3.2 गैस पूरित ट्यूब

गैस पूरित ट्यूब (Fig. 3.1क) एक कांच की ट्यूब होती है, जिसमें आमतौर पर दो इलेक्ट्रोड होते हैं जिनके बीच एक विभवान्तर लगाया जाता है। ट्यूब में कम दबाव पर आर्गन, नियॉन, नाइट्रोजन या पारा जैसी कोई गैस से भरी होती है। गैस से भरे ट्यूब दो प्रकार के होते हैं : क) तप्त कैथोड गैस से भरा डायोड जिसे फेनोट्रॉन, और ख) कैथोड तप्त गैस से भरा ट्रायोड, जिसे थायराट्रॉन कहा जाता है। इस प्रयोग में आप गैस से भरी डायोड ट्यूब का उपयोग करके, गैस का आयनन विभव ज्ञात करेंगे। एक गैस पूरित डायोड का प्रतीकात्मक निरुपण चित्र (3.1ख) में दिखाया गया है।



चित्र 3.1: क) पारा के परमाणुओं से भरी गैस पूरित ट्यूब उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों के साथ संघट्टन के कारण पारा परमाणुओं का आयनन दिखाया गया है; ख) गैस पूरित नली का प्रतीकात्मक निरुपण।

कैथोड से उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन, धनावेशित प्लेट की ओर आकर्षित होते हैं और जैसे ही इलेक्ट्रॉन नली में आगे बढ़ते हैं, वे ट्यूब में मौजूद गैस से टकराते हैं। भारी धनात्मक आयन धीरे-धीरे कैथोड की ओर इस प्रकार प्रवाहित होते हैं कि प्लेट और कैथोड के

बीच का स्थान बड़ी संख्या में धनात्मक आयनों से भर जाता है। इससे अंतराकाशी आवेश प्रभाव को निष्प्रभावी कर देता है और तापायनिक उत्सर्जन को ऐनोडी धारा के रूप में उपलब्ध करता है।

यह महत्वपूर्ण है कि आप समझें कि अंतराकाशी आवेश क्या है। ऐसा हो सकता है कि कैथोड से उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन, इन इलेक्ट्रॉनों के बीच प्रर्तिकषण के कारण, धन आविष्ट प्लेट तक नहीं पहुंच सके, व कैथोड के चारों ओर एक इलेट्रॉन अभ्र बना सकते हैं। इस प्रकार, कैथोड द्वारा उत्सर्जित कोई भी नया इलेक्ट्रॉन अभ्र द्वारा प्रतिकर्षित होता है और तापायनित इलेक्ट्रॉन अब धनाविष्ट प्लेट तक नहीं पहुंच सकते हैं। इलेक्ट्रॉनों के अभ्र को अंतराकाशी आवेश कहते हैं। इलेक्ट्रॉन अभ्र के कारण धनात्मक प्लेट के आकर्षण को निष्प्रभावी करने को **स्पेस चार्ज प्रभाव** कहते हैं। निर्वात नली में अंतराकाशी आवेश प्रभाव काफी हद तक देखा जाता है, हालांकि गैसे पूरित ट्यूबों में, धनात्मक आयनों की उपस्थिति तापायनित इलेक्ट्रॉनों के स्थिर अपरिवर्ती प्रवाह की अनुमति देती है। इसलिए, गैस पूरित नलिकाएं निर्वात नलियों द्वारा प्रवाहित धारा से कई गुना अधि प्रवाहित हो सकती है।

पिछले प्रयोगों के साथ-साथ, पिछले प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों के प्रयोगों से आप पहले से ही इस प्रयोग के लिए उपयोग किए जा रहे अधिकांश उपकरणों से परिचित हैं, जैसे कि एकक मिलीऐमीटर, वोल्टमीटर, धारानियंत्रक आदि। यहां हम पारा पूरित डायोड का वर्णन करते हैं जिसका आप इस प्रयोग में उपयोग करते हैं।

3.2.1 पारा पूरित डायोड

एक पारा (Hg) से भरा डायोड, लगभग 10-50 mm पारे के विभव दाब पर पारे के वाष्प से भरी एक खाली ग्लास ट्यूब है। ट्यूब के अंदर एक तंतु, एक कैथोड और एक ऐनोड लगाया जाता है। तंतु को कैथोड के नीच रखा जाता है, जो प्रदीप्त होता है और कैथोड को तापित करता है इससे कैथोड की सतह से इलेक्ट्रॉनो का उत्सर्जन होता है। उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन, बैटरी के धनात्मक सिरे से जुड़े होने पर ऐनोड/धनात्मक पलेट की ओर बढ़ेंगे। जैसे ही उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन ऐनोड की ओर बढ़ते हैं, वे ट्यूब में मौजूद पारे` परमाणुओं से टकराते हैं। पारा के परमाणु के साथ प्र्याप्त रूप से उच्च ऊर्जा वाले इलेट्रॉन के संघट्टन से पारा परमाणु के *6s कोश* से इलेक्ट्रॉन निकलते हैं और इस प्रक्रिया में पारा आयनित (Hg^+) हो जाता है।

3.3 सैद्धांतिक अवधारणाएं

इस प्रयोग में आपको संयोजकता कोश से किसी इलेक्ट्रॉन के निकलने के कारण पारे के आयनन का अध्ययन करना है। आयनन शब्द का अर्थ है, परमाणु (A^0) से एकल इलेक्ट्रॉन के निकलने से उसके आयनित अवस्था (A^+) में होना, जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो। यदि उसी परमाणु से एक दूसरा इलेक्ट्रॉन हटा दिया जाता है, तो परमाणु A^{2+} अवस्था में हाता है और इसे द्वितीय आयन कहा जाता है, आदि। को सामान्य रूप एक परमाणु के प्रथम आयनन को ही परमाणु के आयनन के रूप में जाना जाता है। पारा के लिए वर्तमान प्रयोग में,

$$Hg + E = Hg^+ + e^-$$

जहां E = 10. 437 V, एक इलेक्ट्रॉन को Hg परमाणु से निकालने के लिए आवश्यक आयनन ऊर्जा है।

जैसे-जैसे ऐनोड विभव या प्लेट विभव में लगातार वृद्धि होती है, संगत प्लेट धारा भी बढ़ती जाती है। इससे यह पता चलता है कि कैथोड से धनात्मक प्लेट तक पहुँचने वाले उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों की संख्या भी बढ़ रही है। अब जैसे-जैसे प्लेट का विभव लगातार बढ़ती जाती है। एक क्रांतिक विभव पर, उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों की गतिज ऊर्जा इतनी होगी कि वह पारे के परमाणु के संयोजकता कोश से एक इलेक्ट्रॉन को निकालने में सक्षम होगी। पारा परमाणुओं से हटाए गए इलेक्ट्रॉनों को *द्वितीयकक इलेक्ट्रॉन* कहते है और इस विभव को आयनन विभव कहते है। विभव से परे, प्लट करंट में भारी वृद्धि होगी क्योंकि धनात्मक प्लेट तक पहुंचने वाले इलेक्ट्रॉनों की संख्या में वृद्धि हुई है, इलेक्ट्रान अब उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों और द्वितीयक इलेक्ट्रॉनों का एक संयोजन है। इस प्रकार, ऐनोडी विभव में और वृद्धि होने पर, ऐनोडी में भारी वृद्धि होगी। यदि आप धारा और ऐनोडी वोल्टता के बीच एक ग्राफ प्लॉट करते हैं, तो आप देखेंगे कि एक विशेष विभव पर ऐनोडी धारा की वृद्धि में एक असंततता होगी, जिसके बाद विभव के साथ धारा में वृद्धि की दर बहुत बड़ी हो जाएगी, आयनन विभव से धारा की वृद्धि दर की तुलना में।

इस प्रारंभिक ज्ञान के साथ अब आप प्रयोग कर सकते है।

3.4 प्रायोगिक विधि



चित्र 3.2: पारे की आयनन विभव को निर्धारित करने के लिए परिपथ आरेख।

प्रयोग करने के लिए नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन करें :

1. चित्र 3.2 में दिखाए अनुसार संबंधन बनाएं और विद्युत् प्रदाय को चालू करें।
2. तंतु के बैटरी से जुड़े धारा नियंत्रक को समायोजित करके प्रेक्षण ले, तापन तंतु के लिए उपयुक्त विभव लागू करें और (I_f) का प्रेक्षण ले।
3. DC विद्युत प्रदोप चालू करें और धारा नियंत्रक का उपयाग करके, ऐनोडी वोल्टता को इस तरह समायोजित करें कि मिलीऐमीटर कोई विक्षेपण न दिखाये।
4. धारा नियंत्रक का प्रयोग करते हुए, (V_p) को धीरे-धीरे बढायें, जैसे कि 1V के चरणों में और 20 V के प्रत्येक मान पर मिलीऐमीटर से I_p का मान लिखें।
5. V_p के *x*-अक्ष के अनुदिश और I_p को *y*-अक्ष के अनुदिश रखकर V_p बनाम I_p का ग्राफ बनाएं।

प्रेक्षण सारणी 3.1: वोल्टता के साथ धारा का परिवर्तन

वोल्टमीटर का अल्पतमांक, V_p =.....V

ऐमीटर का अल्पतमांक, I_p =.....A

क्रमांक संख्या	ऐनोडी वोल्टता V_p (V)	ऐनोडी धारा I_p (A)
1.		
2.		
3.		
4.		
5.		
6.		
.....		

3.5 पारे के आयनन विभव का निर्धारण

I_p और V_p के ग्राफ को चित्र 3.3 में दिखाए गए तरीके से आलेखित करें। आप देख सकते हैं, कि एक क्रांतिक विभव पर, धारा अचानक बढ़ जाता है। यह विभव जिस पर धारा में अचानक वृद्धि होती है, आयनन विभव है।



चित्र 3.3: ऐनोडी वोल्टता और ऐनोडी धारा के बीच एक ग्राफ। वह विभव जहां ऐनोडी धारा अचानक बढ़ना शुरु हो जाता है, वह आयनन विभव है।

आयनन विभव पर, पारा परमाणुओं से इलेक्ट्रॉन हटा दिए जाते हैं और परिणामस्वरूप अधिक इलेक्ट्रॉन 'उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन और द्वितीयक इलेक्ट्रॉन' धनात्मक प्लेट तक पहुँच जाते हैं, इसलिए प्लेट करंट में अचानक वृद्धि होती है। में आयनन विभव I_p बनाम V_p के आलेख में इस बिंदु का उपयोग आयनन विभव को निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

परिणाम:

पारा के आयनन विभव का प्रयोगात्मक रूप से निर्धारित मान

= V

मानक मान = 10.437 V

प्रतिशत त्रुटि = ... %

3.6 सावधानियाँ और त्रुटि के स्रोत

- जोड़ने से पहले, तांबे के तारों को साफ करने के लिए सैंड पेपर का उपयोग करें। ऑक्सीकरण और अन्य अशुद्धियों ो दूर करने के लिए।
- ऐनोडी वोल्टता को 20 V से अधिक नहीं बढ़ाई जानी चाहिए।
- प्रदाय वोल्टेज को अपरिवर्ती चरणों में बढ़ाना है।
- निर्माता द्वारा दिए गए विर्निदेशों का पालन किया जाना चाहिए।

प्रयोग 4

हाइड्रोजन परमाणु की H-अल्फा उत्सर्जन रेखा के तरंगदैर्ध्य का निर्धारण

इकाई की रूपरेखा

4.1 परिचय
अपेक्षित कौशल
4.2 सैद्धांतिक अवधारणाएं
बामर श्रेणी
विवर्तन ग्रेटिंग का उपयोग करके तरंगदैर्ध्य का निर्धारण
4.3 उपकरण का विवरण
हाइड्रोजन विसर्जन नलिका
4.4 प्रायोगिक विधि
4.5 H-उत्सर्जन रेखा के तरंगदैर्ध्य का निर्धारण
4.6 सावधानियाँ और त्रुटि के स्रोत

4.1 परिचय

पिछले प्रयोग में आपने पारे की IP का निर्धारण करना सीखा। उन्नीसवीं शताब्दी में, भौतिकविदों ने परमाणुओं और अणुओं के स्पेक्ट्रम के अध्ययन में काफी समय लगाया। स्पेक्ट्रम परमाणुओं और अणुओं द्वारा विद्युत-चुंबकीय विकिरण के अवशोषण और उत्सर्जन से बनते हैं। कई स्पेक्ट्रम ऐसे हैं जिनका बहुत विस्तार से अध्ययन किया गया है, हाइड्रोजन उत्सर्जन स्पेक्ट्रम का सबसे गहन विश्लेषण किया गया है। जब एक हाइड्रोजन परमाणु को विद्युत विसर्जन से उत्तेजित किया जाता है, तो यह दृश्य क्षेत्र में रेखाआं की एक श्रेणी का उत्सर्जन करता है। स्विस शिक्षक जोहान बामर के नाम पर, इस श्रेणी को बामर श्रेणी कहा जाता है, जिन्होंने इन स्पेक्ट्रम के तरंगदैर्ध्य का वर्णन करने के लिए एक अनुभवजन्य संबंध का प्रस्ताव रखा था।

अपेक्षित कौशल

यह प्रयोग करने के बाद आप इस योग्य होंगे कि :

- ❖ हाइड्रोजन परमाणु में विभिन्न स्पेक्ट्रमी रेखाओं की पहचान कर सकेंगे;
- ❖ एक स्पेक्ट्रोमीटर पर ग्रेटिंग का उपयोग करके, विवर्तन पैटर्न प्राप्त करने के लिए उपकरण व्यवस्थित कर सकेंगे; और
- ❖ हाइड्रोजन परमाणु में H-ऐल्फा उत्सर्जन रेखा की तरंगदैर्ध्य निर्धारित कर सकेंगे।

इस प्रयोग को करने के लिए आपको निम्नलिखित उपकरण की आवश्यकता होगी।

आवश्यक उपकरण

स्पेक्ट्रोममापी, विवर्तन ग्रेटिंग और हाइड्रोजन विसर्जन नलिका।

प्रयोग शुरु करने से पहले, आइए प्रयोग के मूल सिद्धांत पर संक्षेप में चर्चा करें।

4.2 सैद्धांतिक अवधारणाएं

विद्युत चुम्बकीय विकिरण के साथ परमाण्विक या आणविक अन्योन्यक्रिया के परिणामस्वरूप, विद्युत् चुम्बकीय विकिरण का अवशोषण या उत्सर्जन होता है, जिसे क्रमशः अवशोषण या उत्सर्जन स्पेक्ट्रम के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। ऐसा स्पेक्ट्रम एक (क) संतत स्पेक्ट्रम या (ख) विविक्त स्पेक्ट्रम हो सकता है। एक संतत स्पेक्ट्रममें संतत तरंगदैर्ध्यों की एक विस्तृत परिसर होती है, जबकि एक विविक्त स्पेक्ट्रम, एक रेखा स्पेक्ट्रम या एक बैंड स्पेक्ट्रम होता है।

जब एक परमाणु कुछ ऊर्जा को अवशोषित करता है, तो इलेक्ट्रॉन अवशोषित ऊर्जा के आधार पर उच्च ऊर्जा स्तर में उत्तजित हो सकते हैं। यह उत्तेजित इलेक्ट्रॉन, ऊर्जा उत्सर्जित करके अपनी प्रारंभिक अवस्था में वापस आ जाता है, जहाँ उत्सर्जित ऊर्जा, उच्च ऊर्जा अवस्था और (प्रारंभिक) निम्न ऊर्जा अवस्था के बीच ऊर्जा अंतर है। यह उत्सर्जित ऊर्जा तरंगदैर्ध्यों के एक विविक्त स्पेक्ट्रम के भीतर हो सकती है और इसलिए उत्सर्जन स्पेक्ट्रम का अध्ययन और विश्लेषण करना बहुत जटिल है, खासकर बड़े परमाणुओं के लिए। इस संदर्भ में हाइड्रोजन परमाणु का उत्सर्जन स्पेक्ट्रम बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह सबसे सरल संभव परमाणु है जिसका हम अध्ययन कर सकते हैं।

इस नियतांक का मान आपने BPHET-141के इकाई 4 के उदाहरण 4.4 में निकाला है :

$$R = \frac{R_H}{hc}$$

जहां

$$R_H = 13.6\,\text{eV}$$

$$= 2.18 \times 10^{-18}\,\text{J}$$

4.2.1 बामर श्रेणी

1885 में, बामर ने पाया कि दृश्य क्षेत्र में हाइड्रोजन स्पेक्ट्रम में स्पेक्ट्रमी रेखाओं की तरंगदैर्ध्यों के निम्नलिखित संबंध द्वारा वर्णित किया जा सकता है:

$$\frac{1}{\lambda} = R\left(\frac{1}{2^2} - \frac{1}{n^2}\right) \qquad (4.1)$$

जहां λ विकिरण का तरंगदैर्ध्य है, और $R = 1.097 \times 10^7\ \text{m}^{-1}$ रिडबर्ग नियतांक है (मार्जिन टिप्पणी देखें) और n;2से बड़ी एक पूर्ण संख्या है। बामर रेखाओं के लिए n के मान, तालिका 4.1 में दी गई हैं। यहाँ आप देख सकते हैं, कि n = 3के लिए, स्पेक्ट्रमी रेखा को H-ऐल्फा रेखा के रूप में जाना जाता है।

तालिका 4.1

रेखा	n का मान
H_α	3
H_β	4
H_γ	5
H_δ	6

रिडबर्ग द्वारा दिया गया सामान्यीकृत व्यंजक है:

$$\frac{1}{\lambda} = R\left(\frac{1}{n_f^2} - \frac{1}{n_i^2}\right) \qquad (4.2)$$

यहाँ n_fऔर n_iएक पूर्णांक है और $n_i > n_f$ ।

यदि n_iसे n_f =1में संक्रमण होता है तो श्रेणी को लाइमेन श्रेणी कहा जाता है, यदि n_f =2, तो यह बामर श्रेणी का हिस्सा है, और यदि n_f =3है, तो यह पासचेन श्रेणी बनाती है। हाइड्रोजन स्पेक्ट्रम में बामर श्रेणी का बनना चित्र 4.1 में ऊर्जा स्तर आरेख द्वारा दिखाया गया है।

4.2.2 विवर्तन ग्रेटिंग का उपयोग करके तरंगदैर्ध्य का निर्धारण

हाइड्रोजन उत्सर्जन स्पेक्ट्रम में स्पेक्ट्रमी रेखाओं की तरंगदैर्ध्यों को विवर्तन ग्रेटिंग का उपयोग करके स्पेक्ट्रमी विभेदन किया जाता है। BPHCL-138 के प्रयोग 6से, आप पहले से ही जानते हैं कि विवर्तन ग्रेटिंग का उपयोग करके प्रकाश की तरंगदैर्ध्य का निर्धारण कैसे किया जाता है। मान लीजिए कि एक समतल विवर्तन ग्रेटिंग में समानांतर रेखाछिद्रों की संख्या *N*है, जिनमें प्रत्येक की चौड़ाई '*a*' है और दोनों के बीच में अपारदर्शी अंतराल '*b*' है। दो आसन्न रेखाओं के केंद्र के बीच की दूरी $d = a + b$, जहाँ $(a + b)$को ग्रेटिंग अंतराल के रूप में जाना जाता है। विवर्तन ग्रेटिंग के लिए उच्चिष्ठ के लिए प्रतिबंध निम्नलिखित है : :

$$m\lambda = (a+b)\sin\theta \qquad (4.3)$$

जहां m स्पेक्ट्रम की कोटि है और θविवर्तन का कोण है।एक स्रोत का स्पेक्ट्रम (एकवर्णी या सफेद प्रकाश) एक ग्रेटिंग का उपयोग करके प्राप्त किया जाता है, जैसा कि चित्र 4.2 में दिखाया गया है। फिर विवर्तन पैटर्न स तरंगदैर्ध्य निर्धारित करने के लिए एक स्पेक्ट्रोमीटर का उपयोग किया जाता है। स्पेक्ट्रोमीटर के माध्यम से देखे गए हाइड्रोजन उत्सर्जन स्पेक्ट्रम के विवर्तन पैटर्न में विभिन्न रंग है जैसे लाल, नीला, बैंगनी और पराबैंगनी क्षेत्र में भी उत्सर्जन शामिल हो सकते हैं। वर्तमान प्रयोग में, आपका प्राथमिक उद्देश्य H_αरेखा निर्धारित करना है, लेकिन समीकरण 4.3का प्रयोग करके आप H_βया H_δ का तरंगदैर्ध्य भी निर्धारित कर सकते हैं। विभिन्न उत्सर्जन रेखाओं के लिए प्रायोगिक प्रक्रिया प्रायः एक जैसी ही होगी।



चित्र 4.1:**बामर श्रेणी के लिए ऊर्जा स्पेक्ट्रम , $n = 3$ से $n = 3$ तक इलेक्ट्रॉनों का संक्रमण दिखाते हुए जिससे H_α वर्णक्रमीय रेखा का उत्सर्जन होता है।**



चित्र 4.2: **विवर्तन ग्रेटिंग से प्राप्त विवर्तन पैटर्न के प्रथम और द्वितीय कोटि के स्पेक्ट्रम की दूरबीन द्वारा प्रेक्षित।**

4.3 उपकरण का विवरण

हाइड्रोजन परमाणु के स्पेक्ट्रम को हाइड्रोजन विसर्जन लैंप और एक विवर्तन ग्रेटिंग की मदद से प्राप्त किया जाता है। हाइड्रोजन की स्पेक्ट्रमी रेखाओं का अध्ययन एक स्पेक्ट्रोमीटर का उपयोग करके किया जाता है, जिसके बारे में आप BPHCL-138 में पहले ही पढ़ चुके हैं। प्रयोग शुरू करने से पहले, यह महत्वपूर्ण है कि आप उस उपकरण से परिचित हों जिसका आप उपयोग कर रहे हैं।

प्रयोगिक व्यवस्था का एक योजनाबद्ध आरेख चित्र 4.3 में दिखाया गया है।



चित्र 4.3:प्रायोगिक व्यवस्था का योजनाबद्ध आरेख।

आइए हम एक महत्वपूर्ण उपकरण के बारे में चर्चा करें, जिसके विषय में आपने पहले नहीं पढ़ा है, वह है हाइड्रोजन विसर्जन नलिका।

4.3.1 हाइड्रोजन विसर्जन नलिका

चित्र 7.6: विभव के साथ प्रकाश धारा का विचरण। यहाँ L_1 और L_2 दो ज्ञात तीव्रताएँ हैं, V_s निरोधी विभव है।

ध्यान दें कि शून्य विभव पर धारा शून्य नहीं है। इससे पता चलता है कि त्वरित विभव के अभाव में भी, कुछ प्रकाशिक इलेक्ट्रॉन अपनी गतिज ऊर्जा के कारण प्लेट तक पहुंचने में सक्षम होते हैं।

प्रकाश की तीव्रता निरोधी विभव V_S को प्रभावित नहीं करती है (जो प्रकाशिक इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम गतिज ऊर्जा का माप है)। ये केवल आपतित विकिरण की आवृत्ति पर निर्भर करता है।

BPHET-141 की इकाई 4 के चित्र 4.7 को याद करें। विभव और आवृत्ति का ग्राफ़ मूल बिंदु से नहीं गुजरता है। यह दर्शाता है कि आवृत्ति का एक न्यूनतम मान होता है, जिसे दहली आवृत्ति कहा जाता है, जिसके नीचे प्रकाश-विद्युत् उत्सर्जन संभव नहीं है, चाहे आपतित प्रकाश की तीव्रता कितनी भी अधिक क्यों न हो। यह प्रकाशिक इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित करने वाली धातु की प्रकृति पर निर्भर करता है। प्रयोग के अगले भाग में हम आवृत्ति के साथ निरोधी विभव के विचरण का अध्ययन करेंगे।

7.3.5 प्रकाश की आवृत्ति के साथ निरोधी विभव का परिवर्तन

1. प्रयोग के इस भाग में आप प्रकाश की दो भिन्न आवृत्तियों के लिए निरोधी विभव की गणना करेंगे। विकिरण की एक विशेष आवृत्ति चुनें (उदाहरण के लिए लाल फिल्टर का उपयोग करें) और आपतित विकिरण की तीव्रता को अधिकतम पर नियत करें।

2. भाग 7.3.3 के चरण 2-5 दोहराएँ और प्रेक्षण सारणी 7.5 में पाठ्यांक दर्ज करें। उस ऋणात्मक विभव का मान नोट कीजिए जिस पर प्रकाश विद्युत् धारा शून्य हो जाती है। इसे निरोधी विभव V_{s1} कहा जाता है।

3. अब आवृत्ति में परिवर्तन करें (उदाहरण के लिए नीले फिल्टर का उपयोग करें) और 1 से चरणों को दोहराएं और इस आवृत्ति के लिए निरोधी विभव (V_{s2} ....) के मान को नोट करें।

प्रेक्षण सारणी 7.5: विभिन्न आवृत्तियों के लिए निरोधी विभव

आवृत्ति ν_1			आवृत्ति ν_2		
क्र. सं.	अनुप्रयुक्त कैथोड विभव (V)	प्रकाश विद्युत् धारा (μA)	क्र. सं.	अनुप्रयुक्त कैथोड विभव (V)	प्रकाश विद्युत् धारा (μA)
1	0		1.		
2	-0.01		2.		
3	-0.02		3.		
4	-0.03		4.		
5			5.		
6	....		6.		
7	+0.01 (धनात्मक विभव)		7.		
8	+0.02		8.		
	...		...		
	...	निरोधी विभव (V_{S1})			निरोधी विभव (V_{S2})

4. प्रेक्षण सारणी 7.5 के आंकड़ों को आलेखित करें जैसा कि चित्र 7.7 में दिखाया गया है।

7.4 परिकलन और परिणाम

उपरोक्त प्रयोग में प्राप्त आलेखों से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि :

1. चित्र 7.3 से प्राप्त धातु के लिए दहली आवृत्ति .....Hz है।
2. गतिज ऊर्जा बनाम आवृत्ति ग्राफ (चित्र 7.3) के प्रवणता से प्राप्त प्लांक नियतांक का मान है :

$$h = Slope = \frac{AB}{BC} = ...\text{Js}$$

प्लांक नियतांक का मानक मान 6.626×10^{-34} Js है।

प्रतिशत त्रुटि

= (प्रायोगिक मान-मानक मान)/ मानक मान $\times$ 100

=.... ....%

3. धातु का कार्य फलन, h और ν_0 के मानों का उपयोग करके परिकलित की जाती है :



चित्र 7.7: दो भिन्न आवृत्तियों ν_1 और ν_2 के लिए प्रकाश विद्युत् धारा का विभव के साथ विचरण।

$$\phi = h\nu_0 = ...J = ...eV$$

4. दी गई धातु की निरोधी विभव है : ....eV। आवृत्ति .... Hz के आपतित विकिरण के लिए ....eV, आवृत्ति ....Hz के आपतित विकिरण के लिए ....eV, आदि
5. उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम गतिज ऊर्जा, आवृत्ति ...Hz की आपतित विकिरण के लिए ...J है, आवृत्ति ...Hz की आपतित विकिरण के लिए ...J है, आदि।

7.5 सावधानियाँ और त्रुटि के स्रोत

1. प्रयोग के दौरान प्रकाश स्रोत की स्थिति को नहीं बदलना चाहिए।
2. इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जब कैथोड पर कोई प्रकाश न पड़ रहा हो, तो धारा शून्य हो।
3. निरोधी विभव को नोट करते समय, वोल्टता बहुत धीरे-धीरे बदलना चाहिए।

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

प्रयोग 8

चुंबकीय फोकसन से *e/m* का निर्धारण

इकाई की रूपरेखा

8.1 परिचय
अपेक्षित कौशल
8.2 आवेश / संहति अनुपात (*e/m*)
8.3 उपकरण का विवरण
8.4 *e/m* का परिकलन
8.5 सावधानियाँ और त्रुटि के स्रोत

8.1 परिचय

ब्रिटिश भौतिकविद सर जे.जे. थॉमसन को पहले अपरमाण्वीय कण, इलेक्ट्रॉन की खोज का श्रेय दिया जाता है, जो उनके 1897 में कैथोड किरण नलिका (cathode ray tube) के साथ प्रयोगों में हुआ। उन्होंने इन प्रयोगों में इलेक्ट्रॉन के आवेश-और-द्रव्यमान के अनुपात को भी मापा। एक इलेक्ट्रॉन के विद्युत आवेश e और विराम द्रव्यमान m को अलग-अलग मापना कठिन है, क्योंकि ये दोनों मात्राएँ अत्यंत छोटी हैं। हालांकि इन दो मौलिक नियतांकों (e/m) के अनुपात का मान काफी बड़ा है (1.758820×10^{11} C/kg) और एक ज्ञात चुंबकीय क्षेत्र में गतिमान इलेक्ट्रॉन किरण पुंज की वक्रता त्रिज्या से e/m का एक सटीक मान आसानी से निर्धारित किया जा सकता है। एक इलेक्ट्रॉन का आवेश पहली बार मिलिकन द्वारा बहुत बाद में, 1909 में अपने तेल-बूंद प्रयोग में निर्धारित किया गया था, जिसके बारे में आप प्रयोग 9 में पढ़ेंगे। इस प्रयोग में आपको e/m का अनुपात निर्धारित करने के लिए एक चुंबकीय लेंस का प्रयोग करना होगा। प्रयोग 10 में e/m का मान ज्ञात करने के लिए आप दंड चुंबक का प्रयोग करेंगे।

अपेक्षित कौशल

यह प्रयोग करने के बाद, आप इस योग्य होंगे कि :

- ❖ एक इलेक्ट्रॉन के चुंबकीय फोकसन की व्याख्या कर पायेंगे;
- ❖ चुंबकीय फोकसन प्राप्त करने के लिए उपकरण स्थापित कर पायेंगे;
- ❖ गतिमान आवेश के पथ पर परिनालिका का प्रभाव समझा पायेंगे; और
- ❖ चुंबकीय लेंस का उपयोग करके एक इलेक्ट्रॉन के लिए e/m अनुपात की गणना कर पायेंगे।

इस प्रयोग को करने के लिए आपको निम्नलिखित उपकरण की आवश्यकता होगी।

आवश्यक उपकरण

कैथोड किरण नलिका (CRT), विद्युत् प्रदाय, वृत्ताकार कुंडली जो CRT के अक्ष के अनुछिष नलिका पर सरकाया जा सक, वोल्टतामापी (0 – 1500 V) ऐमीटर (0 – 3A) और एक लकड़ी का सैन्ड।



चित्र 8.1: चुंबकीय क्षेत्र में गतिमान इलेक्ट्रॉन।

प्रयोग शुरु करने से पहले, आइए हम सैद्धांतिक अवधारणाओं पर संक्षेप में चर्चा करें।

8.2 आवेश/संहति अनुपात (*e/m*)

इस प्रयोग में, आप एक इलेक्ट्रॉन के e/m अनुपात को निर्धारित करने के लिए एक कैथोड किरण नलिका (CRT) और एक परिनालिका का उपयोग करेंगे। यहाँ परिनालिका **चुंबकीय लेंस** की तरह कार्य करता है। चुंबकीय लेंस एक उपकरण है, जिसमें चुंबकीय लोरेंत्ज़ बल का उपयोग, इलेक्ट्रॉन जैसे किसी गतिमान आवेशित कण का फोकसन या विक्षेपन किया जाता है। एक चुंबकीय लेंस गतिमान आवेशित कणों के एक पुंज को उसी प्रकार मोड़ता है जैसे एक ऑप्टिकल लेंस प्रकाश की किरणों को मोड़ता है।

याद रखें कि लेंस के फोकस को केवल उस बिंदु के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जहां विकिरण की सभी किरणें (ऊष्मा, प्रकाश, आदि) परावर्तित या अपवर्तित होने के बाद, अभिसरित होते हैं। इसलिए, फोकसन वह प्रक्रिया है जिसमें किरणों का एक विशेष बिंदु पर फोकसन किया जाता है। इस प्रयोग में चुंबकीय लेंस का उपयोग, गतिमान इलेक्ट्रॉनों की धारा को एक विशेष बिंदु पर केंद्रित करने के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया को **चुंबकीय फोकसन** कहते हैं। परिनालिका में विद्युत् धारा को बदलकर, लेंस की फोकस दूरी को बदला जा सकता है।

BPHCT-133 से आप जानते हैं कि चुंबकीय क्षेत्र $\vec{\mathbf{B}}$ में, वेग $\vec{\mathbf{v}}$ से गतिमान इलेक्ट्रॉन पर लगने वाला बल, केवल $\vec{\mathbf{F}} = -e\left(\vec{\mathbf{v}} \times \vec{\mathbf{B}}\right) = -evB\sin\theta\hat{\mathbf{n}}$ (चित्र 8.1क) है। इस बल की दिशा, इलेक्ट्रॉन और चुंबकीय क्षेत्र की गति की दिशा के लंबवत है और θ के बीच $\vec{\mathbf{v}}$ और $\vec{\mathbf{B}}$ का कोण है। यदि कण का वेग और चुंबकीय क्षेत्र एक-दूसरे के लंबवत हो तो इलेक्ट्रॉन एक वृत्ताकार पथ में, उस समतल में गति करता है, जो उस समतल के लंबवत है जिसमें $\vec{\mathbf{v}}$ और $\vec{\mathbf{B}}$ हैं। जैसा कि चित्र 8.1(ख) में दिखाया गया है।

आइए मान लें कि चुंबकीय क्षेत्र z-दिशा के अनुदिश है। ($\vec{\mathbf{B}} = B_z\hat{\mathbf{k}}$) और $\vec{\mathbf{v}}$ और $\vec{\mathbf{B}}$ *yz* समतल में है। हम लिख सकत हैं कि $\vec{\mathbf{v}} = v_y\hat{\mathbf{j}} + v_z\hat{\mathbf{k}}$। लोरेंत्ज़ बल के व्यंजक से आप देख सकते हैं, कि चुंबकीय क्षेत्र के कारण गतिमान आवेश पर लगने वाला बल है $\vec{\mathbf{F}} = -ev_yB\hat{\mathbf{i}}$ होगा। यदि $vz = 0$ हो तो इलेक्ट्रॉन एक वृत्ताकार पथ में गति करता है। समतल में जो उस तल के लंबवत है, जो $\vec{\mathbf{v}}$ और $\vec{\mathbf{B}}$ से बनता है, जैसा कि चित्र 8.1(ख) में दिखाया गया है।

यदि $v_z \neq 0$, लोरेंत्ज़ बल के कारण इलेक्ट्रॉन *xy*–तल में वृत्तीय गति करता है। हालाँकि, इलेक्ट्रॉन z-दिशा में भी अचर चाल *vz* के साथ गतिमान है। क्योंकि *z*-दिशा में इलेक्ट्रॉन पर कोई बल नहीं आरोपित हो रहा है। अतः आवेशित कण का परिणामी पथ एक हेलिक्स है जैसा कि चित्र 8.1(ग) में दिखाया गया है।

अब मान लें कि इलेक्ट्रॉन एक CRT के अंदर परिनालिका द्वारा रचित चुंबकीय क्षेत्र में गतिमान है, जैसा कि चित्र 8.2 में दिखाया गया है। जैसा कि आप देख सकते हैं, इलेक्ट्रॉन एक कुंडलिनी (हेलिक्स) प्रक्षेपथ का अनुसरण करेगा। यदि इलेक्ट्रॉन एक पूर्ण वृत्त पर गति करके, स्क्रीन पर पहुँचता है, इलेक्ट्रॉन स्क्रीन पर बिंदु *X* पर होगा। बिन्दु *X* अक्ष के अनुदिश, इलेक्ट्रॉन गन के उस बिंदु के ठीक विपरीत बिन्दु पर होगा, जहाँ से यह उत्सर्जित हुआ था। इलेक्ट्रॉन गन से इलेक्ट्रॉन अलग-अलग प्रारंभिक वेग (*v*) और नलिका के अक्ष के सापेक्ष अलग-अलग कोणों (θ) पर उत्सर्जित होते हैं। **एक संपूर्ण वृत्ताकार पथ (चक्र आवर्तन) को पूरा करने के लिए, इलेक्ट्रॉन द्वारा आवश्यक समय, चुंबकीय क्षेत्र और इलेक्ट्रॉन के आवेश/द्रव्यमान अनुपात पर निर्भर करता है। चूँकि आवेश और द्रव्यमान का अनुपात, सभी इलेक्ट्रॉनों के लिए समान होता है, इलेक्ट्रॉन दिए गए चुंबकीय क्षेत्र के लिए एक ही समय में एक चक्र पूरा करते हैं।** इसलिए, चुंबकीय फोकसन तब होता है, जब इलेक्ट्रॉन CRT की स्क्रीन पर चक्र को समकालिक रूप से पूरा करते हैं।



चित्र 8.2: पश्चिम-पूर्व दिशा में रखे CRT का योजनाबद्ध आरेख CRT के साथ लकड़ी के स्टैंड पर सरकती कुंडली (*C*) रखे गये हैं। कुंडली द्वारा उत्पन्न अनुप्रयुक्त चुंबकीय क्षेत्र के B_z के कारण इलेक्ट्रॉन पर लग रहे अरिन्तज़ बल और इलेक्ट्रॉन की प्रारंभिक वेग (*v*) के कारण इलेक्ट्रॉन कुंडलिनी पथ मे गतिमान है, जैसा कि दिखाया गया है।

CRT को लकड़ी के स्टैंड पर रखा जाता है और धारा ले जाने वाली वृत्ताकार कुंडली को लकड़ी के स्टैंड पर लगाया जाता है जो कि CRT के अक्ष पर सरक सकता है, जैसा कि चित्र 8.2 में दिखाया गया है। सरकती कुंडली की स्थिति को मापने के लिए लकड़ी के स्टैंड में एक स्केल लगा होता है। जैसे ही CRT को विद्युत् प्रदाय से जोड़ा

जाता है, CRT की स्क्रीन पर एक उज्ज्वल बिन्दु देखी जाती है। जब कुंडली CRT पर सरकती है, तो कुंडली की दो स्थितियों (C_1 और C_2) के लिए स्क्रीन पर एक स्पष्ट दीप्त प्राप्त होगी, जैसा कि चित्र 8.3 में दिखाया गया है।

चुंबकीय लेंस की फोकल लंबाई निम्नलिखित संबंध द्वारा दी जाती है :

$$\frac{1}{f}=\frac{1}{P}+\frac{1}{Q} \qquad (8.1)$$



चित्र 8.3: योजनाबद्ध आरेख जो सरकवां कुंडली *C* की दो स्थितियां (C_1 और C_2) दिखाती है, जो स्क्रीन के बिन्दु S पर स्पष्ट फोकस देती है। B_z धारावाही कुंडली द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र है। *P* और *Q*, कुंडली की बिन्दु *O* के सापेक्ष मापी गई दूरी है, जो स्टैन्ड पर लगे स्केल से मापी गई है।

यदि अनुप्रयुक्त वोल्टता *V* है, '*n*' सरकती कुंडली में घुमावों की संख्या है, '*a*' सरकती कुंडली की त्रिज्या और 'i' कुंडली में धारा है, तो चुंबकीय लेंस फोकस दूरी संबंध है :

$$\frac{1}{f}=\frac{e}{m}\times\frac{i^2}{V}\times\frac{3}{16}\times\frac{n^2\pi^3}{a}\times10^{-14}$$

$$\therefore\quad \frac{e}{m}=\frac{16a}{3\pi^3n^2}\left(\frac{V}{i^2f}\right)\times10^{14}\ \text{C/kg} \qquad (8.2)$$

समीकरण (8.2) से *e/m* का अनुपात परिकलित। इस समीकरण की व्युत्पत्ति पाठ्यक्रम के दायरे से बाहर है।

8.3 प्रायोगिक विधि

1. कंपास सुई का उपयोग करके उत्तर-दक्षिण रेखा और N-S रेखा के लंबवत पूर्व-पश्चिम (WE) रेखा खींचें। CRT और वृत्ताकार कुंडल के साथ लकड़ी के स्टैंड को पूर्व-पश्चिम रेखा में इस तरह रखें, कि CRT NS रेखा के लंबवत हो। पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र इलेक्ट्रॉन के वृत्ताकार पथ में योगदान करेगा। वृत्ताकार कुंडली लकड़ी के स्टैंड के साथ सरक पाये, ये ध्यान रखें।
2. प्रारंभ में वृत्ताकार कुंडली को CRT के आखिर में रखा जाना चाहिए। जांच करें कि लकड़ी के स्टैंड पर पैमाना दिखाई दे रहा है।
3. विद्युत् प्रदाय चाले करें। CRT को उच्च वोल्टता प्रदाय (जैसे 700 - 800 V) और वृत्ताकार कुंडली को कम वोल्टता वाले प्रदाय से जोड़ा जाना चाहिए।

4. CRT की स्क्रीन पर एक दीप्त बिन्दु दिखाई देगी। अब देखते हैं कि यदि हम वृत्ताकार कुण्डली को लकड़ी के स्टैंड के अनुदिश सरकाते हैं तो क्या होता है। पहले हम कुण्डली में धारा को 1 A एम्पियर करते हैं, और फिर धीरे-धीरे वृत्ताकार कुण्डली को लकड़ी के स्टैंड के साथ सरकाते हैं। जैसे-जैसे कुण्डली लकड़ी के स्टैंड के साथ सरकती है, आप देखेंगे कि परदे पर बिन्दु स्पष्ट और उज्जवल हो जाता है।

5. सरकवां कुंडली की वह स्थिति जिस पर स्क्रीन पर बिन्दु सब से स्पष्ट और उज्जवल हो जाता है, किसी दिए गए धारा के लिए चुंबकीय लेंस के फोकस में से एक है। कुंडली की स्थिति (C_2) को चिन्हित करें और लकड़ी के स्टैंड पर स्केल का प्रयोग करते हुए CRT के एक सिरे से इस स्थिति की दूरी नोट करें। इस दूरी (P) को प्रेक्षण सारणी 8.1 में लिखें।

6. P से आगे स्क्रीन पर, आप देखेंगे कि वह बिन्दु धुंधला हो जाता है। हालांकि जैसे-जैसे आप कुंडली को सरकाना जारी रखेंगे, एक दूसरी स्थिति C_1 पर, वह बिन्दु फिर से स्पष्ट और उज्जवल हो जायेगा और दूसरी स्थिति पर पैमाने का प्रयोग करते हुए, इस स्थिति की दूरी Q को CRT के उसी छोर से नोट करें। यदि आपको दो फोकर, P और Q न मिले, तो आप धारा या त्वरक वाल्टता को बदल सकते हैं।

7. त्वरक वोल्टता को नोट करें।

8. वोल्टता को स्थिर रखते हुए, धारा को लगभग 0.1 Amp से बदलें और चरण 4-6 दोहराएं। धारा को बदलकर रीडिंग के 4 सेट लें।

9. समीकरण (8.1) का उपयोग करते हुए धारा के प्रत्येक मान i के लिए, f और $i^2 f$ परिकलित करें और प्रेक्षण सारणी 8.1 में लिखें।

10. अब त्वरक वोल्टता को 50-100 V के चरणों में बदलें और चरण 5-11 दोहराएं। आप ऐसी रीडिंग पांच से छह अलग-अलग त्वरक वोल्टता के लिए ले सकते हैं।

प्रेक्षण सारणी 8.1: $i^2 f$ का V के साथ विचरण।

क्रम संख्या	V (वोल्ट)	i (A)	P (cm)	Q (cm)	$f = PQ/(P+Q)$ (cm)	f (m)	$i^2 f$ (SI इकाई)
1		i)					
		ii)					
		iii)					
		iv)					
							माध्य i^2f
2							
3							

11. V और $i^2 f$ बीच एक ग्राफ़ आलेखित करें। आप पायेंगे कि यह एक सीधी रेखा है।

रेखा की प्रवणता (slope) का निर्धारण करें :



चित्र 8.4: $i^2 f$ का V के साथ आलेख।

8.4 *e/m* का परिकलन

चित्र 8.4 से, हम ग्राफ की प्रवणता की गणना इस प्रकार कर सकते हैं :

$$Slope = \frac{AB}{BC}$$

समीकरण (8.2) में $\frac{V}{i^2 f}$ के स्थान पर ग्राफ से परिकलित प्रवणता का मान रखकर हम लिख सकते हैं : $\frac{e}{m} = \frac{16a}{3\pi^3 n^2} \times \frac{1}{Slope} \times 10^{14}$ C/kg

a, n और ग्राफ के प्रवणता के मानों को प्रतिस्थापित करके हम लिख सकते हैं :

$$\frac{e}{m} = \text{.....} \text{ C/kg}$$

परिणाम: चुंबकीय फोकसन विधि द्वारा निर्धारित e/m का मान = ... C/Kg

e/m का मानक मान है =.... C/Kg

त्रुटि (%) = ...

8.5 सावधानियाँ और त्रुटि के स्रोत

1. सुनिश्चित करें कि संबंधन तंग है।
2. यंत्र के पास कोई बाहरी चुंबकीय क्षेत्र नहीं होनी चाहिए।
3. चूंकि हम उच्च वोल्टता स्रोत का उपयोग कर रहे हैं, CRT स्क्रीन पर किरण- पुंज को लंबे समय तक केंद्रित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह स्क्रीन को नुकसान पहुंचा सकता है।
4. कुंडली को धीरे सरकाना चाहिये।

प्रयोग 9

मिलिकन बिंदुपात प्रयोग का स्थापन और इलेक्ट्रॉन का आवेश का निर्धारन

प्रयोग की रूपरेखा

9.1 परिचय
अपेक्षित कौशल
9.2 सैद्धांतिक अवधारणाएं
9.3 उपकरण का विवरण
9.4 प्रायोगत्मक विवरन
9.5 साध्यानियन और त्रुति के स्रोत

9.1 परिचय

इस प्रयोग में आप मिलिकन के बिंदूपात उपकरण का उपयोग करके एक इलेक्ट्रॉन का आवेश निर्धारित करेंगे। 1909 में, रॉबर्ट मिलिकन और हार्वे फ्लेचर ने एक इलेक्ट्रॉन के आवेश को निर्धारित करने के लिए बिंदूपात प्रयोग किया। उन्होंने नीचे की ओर लगने वाला गुरुत्वाकर्षण बल को ऊपर की ओर लगने वले कर्श नऔर विद्युत बलों के साथ संतुलित करके, दो निकट दूरी वाले धातु इलेक्ट्रोड के बीच तेल की छोटी आवेशित बूंदों को निलंबित कर दिया। मिलिकन और फ्लेचर ने तब अनुपृअँधयूकट विद्युत क्षेत्र, इलेक्ट्रोड के बीच माध्यम के घनत्व और श्यान ता और तेल के घनत्व का उपयोग करके यांत्रिक सम्यावस्था में तेल की बूंदों पर आवेश का निर्धारण किया। वे इस बात की पुष्टि करने में सक्षम हुए कि सभी बूंदों पर आवेश आवेश के एक मौलिक मूल्य के गुणक हैं ।

उन्होंने इस मान की गणना की : 1.5924×10^{-19} Coulombs (C), जो उसके वर्तमान स्वीकृत मूल्य $1.602176487 \times 10^{-19}$ C के1% के भीतर है ।

उन्होंने प्रस्तावित किया कि यह एक एकल इलेक्ट्रॉन का आवेश है ।

अपेक्षित कौशल

इस प्रयोग को करने के बाद, आप इस योग्य होंगे कि

- ❖ इलेक्ट्रॉन के आवेश के निर्धारण की प्रक्रिया में शामिल चरणों की रूपरेखा तैयार कर पआयेंगे
- ❖ मिलिकन बिदूपात प्रयोग करने के लिए उपकरन व्यवस्थित कर पायेंगे; और
- ❖ इलेक्ट्रॉन का आवेश निर्धारित कर सकेंगे।

इस प्रयोग को करने के लिए आपको निम्नलिखित उपकरणों की आवश्यकता होगी।

आवश्यक उपकरन
मिलिकन बिंदुपात उपकरण, तेल, विद्युत् प्रदाय, कणित्र।

प्रयोग शुरू करने से पहले, आइए प्रयोग के मूल सिद्धांत पर संक्षेप में चर्चा करें।

9.2 सैद्धांतिक अवधारणाएं

मान ले कि त्रिज्या r वाला, तेल का एक सुक्ष्म बूंद (बिंदुक), दो धातु के इलेक्ट्रोड के बीच एक कक्ष में चाल v से गिर रहा है । यदि तेल का घनत्व ρ हो बिंदुक का द्रव्यमान m होगा.

$$m = (\text{volume of the oil droplet}) \times \text{density} = \frac{4}{3}\pi\rho r^3 \quad (9.1)$$

विद्युत क्षेत्र की अनुपस्थिति में , बिंदुक पर आरोपित बल निम्नलिखित हैं:

i) नीचे कि ओर लगने वाला गुरुत्वाकर्षण बल(F_g) :

$$F_g = mg = \frac{4}{3}\pi r^3 \rho g \quad (9.2)$$

ii) माध्यम (वायु) के कारण तेल की बूंद पर ऊपर की ओर लगने वाला उत्प्लावन बल (F_b) :

$$F_b = \frac{4}{3}\pi r^3 g \rho_{air} \quad (9.3)$$

जहां ρ_{air} वायु का घनत्व है।

iii) श्यान माध्यम मे गति के कारण ऊपर की दिशा में तेल की बिंदुक पर लग ने वाला **कर्शन** बल (F_v) :

$$F_v = 6\eta\pi rv \quad (9.4)$$

η वायु श्यानता का गुणांक है।

जैसा कि आपने स्कूल में पढ़ा है, बिंदुक प्रभावी अधोमुखी बल $(F_g - F_b - F_v)$ के कारण शुरू में गति करेगी और अंत में एक नियत अंतक वेग (v_t) तक पहुंच जाएगी जब कण पर आरोपित नेत बल शून्य हो जाता है।

समीकरण (9.2), (9.3) और (9.4) को $v = v_t$ के साथ का प्रयोग करके, कण पर आरोपित शून्य नेत बल के लिए हम लिख सकते हैं:

$$F_g = F_v + F_b$$

$$\Rightarrow \frac{4}{3}\pi r^3 \rho g = 6\eta\pi r v_t + \frac{4}{3}\pi r^3 g \rho_{air}$$

$$\Rightarrow r = 3\sqrt{\frac{\eta v_t}{2\, g\,(\rho - \rho_{air})}} \qquad (9.5)$$

यदि बूंद समय t_1 में, चाल v_t से गति करते हुए , l दूरी तय करता हो, तो हम लिख सकते हैं:

$$v_t = \frac{l_1}{t_1} \qquad (9.6)$$

समीकरण (9.5) और (9.6) का उपयोग करके, तेल की बूंद की त्रिज्या और द्रव्यमान निर्धारित किया जा सकता है , यदि ρ, ρ_{air} और η ज्ञात हो । अब मान लें कि दोनो **एलेक्त्रोद** के बीच एक विभवांतर अनुप्रयुक्त किया जाता है , जिससे एक विद्युत क्षेत्र E उत्पन्न होता है जैसा कि चित्र 9.1(ख) में दिखाया गया है। यदि इलेक्ट्रोड के बीच की दूरी d हो , तो विद्युत क्षेत्र होगाः

$$E = \frac{V}{d} \qquad (9.7)$$

यदि बिंदुक पर आवेश q हो, तो विद्युत **क्शेत्र** के कारण बिंदुक पर लग्ने वाला बल है :

$$F_E = qE = \frac{qV}{d} \qquad (9.8)$$



चित्र 9.1:क) मुक्त गिरने में तेल की बूंद;ख) अनुप्रयुक्त विद्युत क्षेत्र के कारण निलंबित तेल की बूंद; ग) अनुप्रयुक्त विद्युत क्षेत्र के कारण उपर कि ओर गतिमान तेल की बूंद।

अनुप्रयुक्त वोल्टता को समायोजित करके, तेल की बूंदों कि गति को उपर या नीचे कि ओर की जा सकती है, या उन्हे निलंबित भी किया जा सकता है , मान लीजिए कि विभवांतर को इस तरह से समायोजित किया जाता है कि बिंदुक अंतरिक्ष में निलंबित रहती है (चित्र 9.1इ) । विभवांतर के इस मान को V_0 कहे। इस स्थिति में, विद्युत क्षेत्र के कारण नेट ऊर्ध्वमुखि बल को नेट अधोमुखी बल द्वारा संतुलित होना चाहिए। चूंकि बिंदुक की चाल शून्य है(v=0) हम लिख सकते हैं:

$$F_E = F_g - F_b \Rightarrow \frac{qV_0}{d} = \frac{4}{3}\pi r^3\, g\,(\rho - \rho_{\text{air}}) \qquad (9.9)$$

या

$$q = \frac{4\pi r^3\, gd}{3V_0}\,(\rho - \rho_{\text{air}}) = \frac{9\pi d}{V_0}\left(\frac{2\eta^3 v_t^3}{g\,(\rho - \rho_{air})^3}\right)^{1/2} \qquad (9.10)$$

आइए अब हम V के मान को इस प्रकार समयोजित करैन कि आवेशित बिंदुक एक नियत वेग v_r के साथ उपर कि ओर गति करने लगे । चूंकि तेल की बूंद पर आरोपित नेत बल शून्य होना चाहिए, ऊपर की दिशा में विद्युत क्षेत्र के कारण नेत बल को नीचे की ओर लग ने वाले बल द्वारा संतुलित किया जाना चाहिए, इसलिएः

$$F_E = F_g - F_b + F_v \Rightarrow \frac{qV}{d} = \frac{4}{3}\pi r^3 \rho g - \frac{4}{3}\pi r^3 g\,\rho_{air} + 6\eta\pi r v_r \quad (9.11)$$

ध्यान दें कि चूंकि बूंद ऊपर की ओर बढ़ रही है, इसलिए कर्षण बल, इस मामले में, नीचे की दिशा में है।

समीकरण (9.5) से हम लिख सकते हैंः

$$\frac{4}{3}\pi r^3\ \rho g - \frac{4}{3}\pi r^3\, g\,\rho_{air} = 6\,\eta\,\pi r\, v_t \quad (9.12)$$

इसलिए समीकरण। (9.11) को हम निम्नलिखित रूप में व्यक्त कर सकते हैंः

$$\frac{qV}{d} = 6\,\eta\,\pi r\, v_t + 6\,\eta\,\pi r\, v_r$$

$$\Rightarrow q = \frac{6\,\eta\,\pi r d}{V}(v_t + v_r) = \frac{18\,\eta\,\pi d}{V}(v_t + v_r)\sqrt{\frac{\eta v_t}{2\,g\,(\rho - \rho_{air})}} \quad (9.13)$$

तेल की बूंद पर आवेश समीकरण (9.10) और/या समीकरण (9.13) का उपयोग करके निर्धारित किया जा सकता है। इस प्रयोग में यह दिखाया जा सकता है कि बूंदों पर आवेश हमेशा आवेश के एक न्यूनतम मान का गुनज होता है, जो कि एक इलेक्ट्रॉन का आवेश होता है। यह प्रयोग अब तक के सबसे सुंदर प्रयोगों में से एक माना जाता है, क्योंकि इस सरल विधि द्वारा इलेक्ट्रॉन का आवेश को बड़ी सटीकता के साथ निर्धारित किया जा सकता है।

9.3 उपकरन का विवरण

प्रयोगात्मक व्यवस्थ में दो धातु के प्लेट, एक एक्स–किरन स्रोत और एक कनित्र होता हैं जैसा कि चित्र 9.2 में दिखाया गया है। कनित्र तेल की सुक्ष्म बूंदों का चिद्काव करने में मदद करता है, जो पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल के कारण नीचे गिरती है। जैसे ही बूंदें गिरती हैं, उनमें से कुछ प्लेट के चिद्र में से निकल सक ते हैं, जैसा कि चित्र 9.2 में दिखाया गया है। बूंदों के गिरने के व्यवहार का विश्लेषण दर्शन कक्ष के माध्यम से किया जाता है। धातु की दो प्लेटों को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है कि धनात्मक प्लेट सबसे ऊपर और ऋणात्मक प्लेट सबसे नीचे हो। कक्ष के निचले हिस्से में वायु क आयनन करने के लिए एक्स–किरन का उपयोग किया जाता है। जैसे–जैसे बूँदें हवा से गुजरती हैं, इलेक्ट्रॉन उनके ऊपर जमा हो जाते हैं और वे ऋणात्मक आवेश प्राप्त कर लेते हैं। विद्युत प्रदाय का उपयोग करके एक DC वोल्टता लगाया जाता है। DC वोल्टता को बदलकर बिंदुक की गति को बदला जा सकता है। अनुप्रयुक्त वोल्टता को समायोजित करके, एक तेल की बूंद को हवा में निलंबित किया जा सकता है या ऊपर की ओर भी गतिमन किया जा सक ता है । बिंदुक पर जमा आवेश को इनमें से प्रत्येक विधि द्वारा मापा जा सकता है।



चित्र 9.2: मिलिकन तेल बिंदुपात प्रयोग के लिए योजनाबद्ध आरेख।

9.4 प्रायोगिक विधि

प्रयोग करने के लिए नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन करें और समीकरण 9.13 का उपयोग करके का मान निर्धारित करे

1.कनित्र में ज्ञात घनत्व का अवाष्पशील तेल (जैतून का तेल, ग्लिसरीन) डालें।

2.कनित्र की नोक को दर्शन कक्ष के छेद में रखें।

3.दर्शन कक्श से देख्ते हुए, कनित्र के बुल्ब को निचोड़ें।

4.एक बूंद का चयन करें जो धीरे–धीरे गिर रही हो है। जब आप को एक उचित आमाप का और आवेशित तेल की बूंद मिल्त हैं, तो उसी पर फोकस कर। तेल की बूंद सबसे अच्छे फोकस में तब होत है जब वो एक स्पश्त उज्ज्वल बिंदु के रूप में दिखाई देती है।

5.किसी भी विद्युत क्षेत्र के अभाव में, एक बिदुक द्वारा एक निश्चित दूरी, मान लीजिए स1 को तय कर्ने में जो समय लग्त है , उस का मापन करें और प्रेक्षण सारणी 9.1 में अपने पाठ्यांक दर्ज करें।

6.बूंदों को आयनित करने के लिए एक्स–किरन चालू करें । अब विद्युत प्रदाय को भी चालू करें और वोल्टता को इस तरह समायोजित करें कि निलम्बित हो जाए। यह हमें संतुलन वोल्टता V_0 का मान देगा । विभवांतर में मामूली वृद्धि से बूंद ऊपर की ओर उठेगी।

7.प्लेट वोल्टता स्विच का उपयोग करके छोटी बूंद की चाल और गति को आवश्यकतानुसार नियंत्रित किया जा सकता है। वोल्टता का मान पर नियत करेन और बूंद द्वार दूरि को तय कर्ने में कित ना समय लग्ता हैउस्क मापन करें और अपने पाठ्यांक प्रेक्षण सारणी 9.1 में दर्ज करें।

8.समीकरण 9.13 का उपयोग करके बिंदुक पर आवेश की गणना करें। यदि बिंदुक पर आवेश 5म से अधिक हो , तो आपको धीमी गति से चलने वाली बूंदों के लिए प्रक्रिया दोहरानी चाहिए।

9. विभिन्न आकारों की बूंदों के लिए चरण 5 से 8 दोहराएं और प्रत्येक प्रकरन में बिंदुक पर आवेश की गणना करें।

10.इलेक्ट्रॉनों की संख्या की गणना करें इलेक्ट्रॉन के आवेश के मानक मान का प्रयोग करते हुए ।

प्रेक्षण सारणी 9.1: v_t , v_r और q का निर्धारन

वायु की श्यानता η = ...kg/ms

तेल का घनत्व ρ = ... kg/m^3

वायु का घनत्व ρ_{air} = ...kg/m^3

इलेक्ट्रोड के बीच की दूरी d =.....m

क्र. सं.	l_1 (cm)	t_1 (s)	l_2 (cm)	t_2 (s)	वेग		विभव (V)		बिंदुक पर आवेश q (कुलम में)		प्रत्येक बूंद पर इलेक्ट्रॉनिक आवेशों की संख्या $n= q/e$
					$v_t = l_1/t_1$ (ms^{-1})	$v_r = l_2/t_2$ (ms^{-1})	V_0	V	Using Eq. (9.10)	Using Eq. (9.13)	
1.											
2.											
3.											
4.											
5.											
...											

परिणामः

प्रत्येक बिंदुक पर आवेश मौलिक आवेश .....C का गुणज होता है, जो कि इलेक्ट्रॉन का आवेश होता है।

9.5 सावधानियाँ और त्रुटि के स्रोत

1. तेल की बूंद के उठने और गिरने में लग ने वाले समय को को सावधानीपूर्वक मापा जाना चाहिए।

2. संतुलन वोल्त ता को सावधानी से मापा जाना चाहिए, यह वो सटीक वोल्टेज होना चाहिए जिस्के लिये बिंदुक हवा में निलंबित हो।

प्रयोग 10

दंड चुंबक से *e/m* का निर्धारण

प्रयोग की रूपरेखा

10.1 परिचय

अपेक्षित कौशल

10.2 आवेश संहति अनुपात (*e/m*)

10.3 प्रायोगिक विधि

10.4 *e/m* का परिकलन

10.5 सावधानियाँ और और त्रुटि के स्रोत

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

10.1 परिचय

आपने बड़े आमाप के पुराने टेलीविजन (टीवी) और कंप्यूटर मॉनीटर देखे होंगे । स्क्रीन का आमाप जितना बड़ा होगा, टेलीविजन या कंप्यूटर मॉनीटर की गहराई उतनी ही अधिक होगी। उनकी गहराई का कारण मुख्य घटकों में से एक का आमाप है, जो कि चित्र नलिका (पिक्चर ट्यूब) है। एक चित्र नलिका और कुछ नहीं , बल्कि कैथोड किरण नलिका (CRT) है। CRT भी एक विशेष उपकरण का मुख्य घटक है – कैथोड किरण दोलनदर्शी (CRO) जिसका उपयोग भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिकी की प्रयोगशालाओं में किया जाता है। CRO का उपयोग तरंग के आकार का निरीक्षण करने और विद्युत संकेत की आवृत्ति, कला विस्थापन और आयाम को मापने के लिए किया जाता है। आपने अपने पहले सेमेस्टर के प्रयोगशाला पाठ्यक्रम (प्रयोग 10, बीपीएचसीईएल–132) में ब्ट्ट का उपयोग किया है। CRO का मुख्य घटक एक CRT है। इस प्रयोग में, आप *e/m* अनुपात निर्धारित करने के लिए CRT का उपयोग करेंगे।

अपेक्षित कौशल

इस प्रयोग को करने के बाद आप इस योग्य होंगे की आप

- ❖ *e*/*m* अनुपात के निर्धारण की प्रक्रिया में शामिल चरणों की व्याख्या कर सकेंगे ;
- ❖ *e*/*m* प्राप्त करने के लिए उपकरण व्यवस्थित कर पाएंगे ;
- ❖ गतिमान आवेश के पथ पर विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव का अध्ययन कर सकेंगे; और
- ❖ *e*/*m* अनुपात की गणना कर सकेंगे ।

इस प्रयोग को करने के लिए आपको निम्नलिखित उपकरणों की आवश्यकता होगी।

आवश्यक उपकरण

कैथोड किरण नलिका(CRT) और उसका विद्युत प्रदाय, चुम्बकत्वमापी (magnetometer), दंड चुम्बकों का समुच्चय और लकड़ी का स्टैंड ।

प्रयोग शुरू करने से पहले, आइए कैथोड किरण नलिका का उपयोग करके अनुपात की गणना करने के लिए आवश्यक बुनियादी सैद्धांतिक अवधारणाओं का संक्षेप में वर्णन करें।

10.2 आवेश संहति अनुपात (*e*/*m*)

जैसा कि आपने बीपीएचसीएल 132 के प्रयोग 10 में पढ़ा है, कैथोड किरण नलिका में, इलेक्ट्रॉन गन द्वारा उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों को विद्युत क्षेत्रों की सहायता से प्रतिदीप्त स्क्रीन (पर्दे) पर विभिन्न बिंदुओं पर फोकस किया जा सकता है। एक विभावांतर V क्षैतिजतः रखे दो दो प्लेटों D_1 और D_1 के बीच अनुप्रयुक्त किया जाता है, जैसा कि चित्र 10.1 में दिखाया गया है। प्लेटों की लंबाई समान और l के बराबर है, और उनके बीच की दूरी d है । प्लेटों के बीच एकसमान वैद्युत क्षेत्र बनता है $= E = \left(\frac{V}{d}\right)$, जैसा कि चित्र 10.1 में दिखाया गया है । मान लें कि CRT के भीतर, इलेक्ट्रॉन गन द्वारा उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन, प्रारंभ में x–अक्ष के अनुदिश वेग v से गतिमान हैं । जब एक इलेक्ट्रॉन, एक एकसमान वैद्युत क्षेत्र $\vec{\mathbf{E}}$ से होकर गुजरता है, तो यह लंबवत रूप से विक्षेपित होता है।



चित्र 10.1: CRT में इलेक्ट्रॉन के पथ का योजनाबद्ध आरेख।

आइए अब विद्युत क्षेत्र E के कारण गतिमान इलेक्ट्रॉन का ऊर्ध्वाधर विक्षेपण निर्धारित करें । एकसमान वैद्युत क्षेत्र में इलेक्ट्रॉन पर लगने वाला बल है: $\vec{\mathbf{F}} = eE\,\hat{\mathbf{j}} = e\left(\frac{V}{d}\right)\hat{\mathbf{j}}$ । $\vec{\mathbf{v}} = v_x\hat{\mathbf{i}} + v_y\hat{\mathbf{j}}$ वेग है। मान लें कि इलेक्ट्रॉन का प्रारंभिक वेग $\vec{\mathbf{v}} = v\hat{\mathbf{i}}$ है। इलेक्ट्रॉन के लिए गति का समीकरण है:

$$m\frac{d\vec{v}}{dt} = \vec{F}$$

$$\Rightarrow m\frac{dv_x}{dt} = 0\,; \qquad m\frac{dv_y}{dt^2} = eE \tag{10.1}$$

इन अवकल समीकरणों को बीपीएचसीटी–131 की इकाई 4 में सीखी गई तकनीकों का उपयोग करके हल किया जा सकता है (संपूर्ण समाधान के लिए मार्जिन टिप्पणी देखें)। समाधान के लिए प्रारंभिक प्रतिबंध हैं: $v_x(t=0) = v; v_y(t=0) = 0$ ।

मान लीजिए कि इलेक्ट्रॉन को चित्र 10.1 में दिखाए गए बिंदु R पर पहुँचने के लिए समय t_1 लगता है। उस बिंदु पर इलेक्ट्रॉन का y दिशा में विक्षेपण $NR = y_1$ है। गति के समीकरणों को हल करने पर हमें मिलता है:

$$y_1 = \frac{Eel^2}{2mv^2} \tag{10.2}$$

इलेक्ट्रॉनों को एक बल का अनुभव तभी होता है जब वे एकसमान स्थिरवैद्युत क्षेत्र में से गुजरते हैं, जो प्लेटों के बीच तक ही सीमित है। इस क्षेत्र को छोड़ने पर इलेक्ट्रॉन के पास x और y अक्षों, दोनों के अनुदिश वेग का एक घटक होता है। क्योंकि इस क्षेत्र में इलेक्ट्रॉन पर कोई बल कार्य नहीं लग रहा है है, वेग नियत रहता है और उसका मान बिन्दु R पर उसके मान के बराबर है (मार्जिन टिप्पणी देखें):

$$\vec{\mathbf{v}} = v\hat{\mathbf{i}} + \frac{eEl}{mv}\hat{\mathbf{j}} \tag{10.3}$$

अब इलेक्ट्रॉन समीकरण(10.3) द्वारा दिए गए नियत वेग के साथ एक सीधी रेखा में गति करेगा, जब तक यह स्क्रीन को बिंदु Q पर नहीं पहुँचता है । मान लीजिए कि इलेक्ट्रॉन द्वारा स्क्रीन पर बिंदु Q तक पहुंचने में लिया गया समय t_2 है। इस समय में इलेक्ट्रॉन x- अक्ष की दिशा में दूरी L ते करता है और y दिशा में इसका विक्षेपण y_2 है।

तब ऊर्ध्वाधर विक्षेपण y_2 होगा (मार्जिन टिप्पणी देखें):

$$y_2 = \frac{Ee}{m}\frac{lL}{v^2} \tag{10.4}$$

स्क्रीन पर कुल विक्षेपण $OQ = y = y_1 + y_2$ है:

$$y = \frac{Ee}{m}\frac{l}{v^2}\left(\frac{l}{2} + L\right) \tag{10.5}$$

समीकरण (10.5) से हम यह भी लिख सकते हैं:

$$eE = \frac{y}{l}\frac{mv^2}{\left(\frac{l}{2} + L\right)} \tag{10. 6}$$

$$m\frac{dv_x}{dt} = 0$$

$$\Rightarrow v_x = \text{constant} = v \tag{i}$$

$$\Rightarrow \frac{dx}{dt} = v \Rightarrow x = vt + c$$

$\because x = 0$ at $t = 0$, $c = 0$

$$x = vt \tag{ii}$$

हम लिख सकते हैं:

$$m\frac{dv_y}{dt} = eE \Rightarrow \frac{dv_y}{dt} = \frac{eE}{m}$$

$$\Rightarrow v_y = \left(\frac{eE}{m}\right)t + c$$

$\because v_y = 0$ at $t = 0$

$$v_y = \left(\frac{eE}{m}\right)t \tag{iii}$$

$$\frac{dy}{dt} = \left(\frac{eE}{m}\right)t$$

$$\Rightarrow y = \left(\frac{eE}{2m}\right)t^2 + c_1$$

$\because y = 0$ at $t = 0$, $c_1 = 0$

हमे मिलता है:

$$y = \left(\frac{eE}{2m}\right)t^2 \tag{iv}$$

हम जानते हैं कि:

$t = t_1, x = l$ and $y = y_1$

समीकरण (ii) से:

$$t_1 = l/v \tag{v}$$

समियारण (v) का समीकरण (iii) और (iv) में प्रयोग करने पर हमे प्राप्त होता है कि $t=t_1$ पर :

$$v_y = \left(\frac{eE}{m}\right)t_1 = \frac{eEl}{mv} \tag{vi}$$

$$y_2 = \left(\frac{eE}{2m}\right)t_1^2 = \left(\frac{eE}{2m}\right)\left(\frac{l}{v}\right)^2 \tag{vii}$$

$$t_2 = L/v$$

$$y_2 = t_2\left(\frac{eEl}{mv}\right) = \frac{eElL}{mv^2}$$

y , $\vec{\mathbf{E}}$ के कारण स्क्रीन पर होने वाला कुल विक्षेपण है । अब मान लें कि एक बाह्य चुंबकीय क्षेत्र $\vec{\mathbf{H}}$ को इलेक्ट्रॉनों किरण पुंज की गति की दिशा के लंबवत ऐसे लागू किया जाता है, कि स्क्रीन पर कुल विक्षेपण शून्य हो। यह तभी होगा जब, दोनों क्षेत्र एलेक्ट्रॉन पर समान और विपरीत दिशा में बल लगाएंगे। इसलिए, हमारे पास होना चाहिए:

$$eE = eHv \qquad (10.\ 7)$$

समीकरण (10. 6) का उपयोग करके हम लिख सकते हैं:

$$\frac{y}{l}\frac{mv^2}{\left(\frac{l}{2}+L\right)} = eHv \Rightarrow \frac{e}{m} = \frac{y}{H}\frac{v}{l\left(\frac{l}{2}+L\right)} \qquad (10.8)$$

अनुप्रयुक्त बाह्य चुंबकीय क्षेत्र को दंड चुंबक का उपयोग करके उत्पन्न किया जाता है। चुंबकीय क्षेत्र H का मान एक विक्षेपण चुम्बकत्वमापी का उपयोग करके निर्धारित किया जा सकता है। आपने बीपीएचसीएल–134 के प्रयोग 2 में विक्षेपण चुम्बकत्वमापी का उपयोग करना सीखा है । आप जानते हैं कि, यदि चुम्बकत्वमापी की चुंबकीय कंपास की सुई , साम्यावस्था में चुंबकीय याम्योत्तर के साथ का कोण θ बनाती हो, तब चुमबकीय क्षेत्र का मान होगा :

$$H = H_E \tan\theta \qquad (10.\ 9)$$

जहां पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र का क्षैतिज घटक है।

समीकरण(10.8) में समीकरण (10.9) का उपयोग कर के हमें प्राप्त होता है :

$$\frac{e}{m} = \frac{yV}{\tan^2\theta}\left[\frac{1}{H_E^2 l\left(\frac{l}{2}+L\right)d}\right] \qquad (10.10)$$

समीकरण (10.10) का प्रयोग इलेक्ट्रॉन के लिए e/m के मान की गणना के लिए किया जाता है ।

10.3 प्रायोगिक विधि



(क) (ख)

चित्र 10.2: चुंबकीय याम्योत्तर को चिह्नित करना: क) सूचक के सिरों के संगत चाक चिह्न पूर्व–पश्चिम दिशा को दर्शाता है;ख) चुंबकीय याम्योत्तर पूर्व–पश्चिम रेखा के प्रसामान्य है।

प्रयोग करने के लिए नीचे दिए गए चरणों का पालन करें।

1. सभी चुम्बकों को हटा दें (यदि कोई हो) और विक्षेपण चुम्बकत्वमापी को कार्यस्थल मेज पर रख दें। एक चाक का उपयोग करके टेबल पर सूचक के सिरों के संगत स्थितियों को चिह्नित करें, जैसा कि चित्र 10.2क में दिखाया गया है। चुम्बकत्वमापी को हटा दें और चाक के निशानों को एक सीधी रेखा से मिलाएँ और इसे चित्र 10.2ख में दर्शाए अनुसार बहिर्वेशित करें। यह प्रयोगशाला में चुंबकीय पूर्व–पश्चिम रेखा को परिभाषित करता है। इसके लंबवत खींची गई रेखा, चुंबकीय याम्योत्तर का प्रतिनिधित्व करेगी।
2. लकड़ी के स्टैंड को ऐसे रखें की उनकी भुजाएं पूर्व (E)–पश्चिम (W)रेखा के समानांतर हो और कैथोड किरण नलिका को उत्तर (N)–दक्षिण(S) रेखा के निशान के समानांतर रखें जैसा कि चित्र 10.3 में दिखाया गया है। CRT को उत्तर–दक्षिण दिशा के समानांतर रखने से यह सुनिश्चित होगा कि पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र का क्षैतिज घटक इलेक्ट्रॉन किरण पुंज की दिशा को प्रभावित नहीं करेगा।



चित्र 10.3: CRT (उत्तर–दक्षिण दिशा में) और दंड चुंबक (पूर्व–पश्चिम दिशा में) के स्थान को दर्शाने वाला योजनाबद्ध आरेख।

3. CRT का विद्युत प्रदाय चालू करें। विक्षेपक वोल्टता को शून्य मान पर समायोजित करें। CRT के मध्य में एक उज्ज्वल केंद्रित बिन्दु प्राप्त करने के लिए, इस उद्देश्य के लिए दिए गए घुंडी की सहायता से आवश्यक समायोजन करें। CRT के स्क्रीन पर इस फोकसित दीप्त बिन्दु की स्थिति, स्क्रीन पर दिए गए स्केल की मदद से नोट करें।
4. अब विक्षेपण वोल्टता *V* लगाएं और और स्क्रीन पर अपनी प्रारम्भिक स्थिति के सापेक्ष (शून्य लागू विक्षेपण वोल्टेज के संगत) दीप्त बिन्दु के ऊर्ध्वाधर विक्षेपण *y* का मान नोट करें । *V* और *y* प्रेक्षण सारणी 10.1 में दर्ज करें ।
5. CRT के दोनों ओर पर विपरीत ध्रुवों का सामना करते हुए दंड चुंबक रखें। धीरे–धीरे दोनों दंड चुम्बकों को CRT की ओर ले जाएँ, जब तक कि दीप्त बिन्दु अपनी प्रारंभिक स्थिति (शून्य विक्षेपण वोल्टता स्थिति) तक न पहुँच

जाए। लकड़ी के स्टैंड की भुजाओं पर दिए गए पैमाने की सहायता से दंड चुम्बकों की इन स्थितियों को x(*cm* में) मांपे और प्रेक्षण सारणी 10.1 में ये मान दर्ज करें। सुनिश्चित करें कि दोनों दंड चुम्बकों की दूरियाँ पैमाने पर बिल्कुल सममित हैं।

नोट: यदि दंड चुम्बकों को ब्रज की ओर ले जाने पर दीप्त बिन्दु प्रारंभिक स्थिति से दूर चला जाता है, तो छड़ चुम्बकों की ध्रुवता बदल दें।

6. माप लेने के बाद CRT की विद्युत प्रदाय को बंद कर दें। लकड़ी के स्टैंड की स्थिति को अपरिवर्तित छोड़कर, लकड़ी के स्टैंड से दंड चुंबक और CRT को सावधानीपूर्वक हटा दें। लकड़ी के स्टैंड को उसकी स्थिति से न हिलाएं।
7. चुम्बकत्व मापी को लकड़ी के स्टैंड के केंद्र पर रखें। इस स्थिति में एल्युमिनियम सूचक AB चुम्बकत्व मापी के वृत्ताकार पैमाने पर शून्य कोण ($\theta = 0°$) बनाता है ।
8. चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता को मापने के लिए, दंड चुम्बकों को लकड़ी के स्टैंड की भुजाओं पर चुम्बकत्व मापी के दोनों ओर x cm की दूरी पर रखें । इस स्थिति में सूचक के दोनों सिरों (A और B) के विक्षेपण कोण θ_1 और θ_2 को नोट करें और अपने पाठ्यांक प्रेक्षण सारणी 10.1 में लिखे ।
9. V के विभिन्न मानों के लिए, चरण 4 से 8 दोहराएँ ।
10. l, d, L और H_E को मापें और प्रेक्षण सारणी 10.1 में ये मान दर्ज करें ।

प्रेक्षण सारणी 10.1:विभिन्न अनुप्रयुक्त विक्षेपण वोल्टताओं के लिए *y* और θ का निर्धारण

विक्षेपण प्लेट की लंबाई: l = ... cm = ... m

विक्षेपण प्लेटों के बीच पृथक्करण दूरी: d = ... cm = ... m

स्क्रीन और प्लेट के बीच की दूरी: L = ... cm = ... m

पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र का क्षैतिज घटक: H_E = ... Wb/m^3

क्र. सं.	**अनुप्रयुक्त विक्षेपण वोल्टता** V (वोल्ट)	**बन्दु की स्थिति** y (m)	दंड चुंबक की दूरी x (cm)	θ_1 (डिग्री)	θ_2 (डिग्री)	**माध्य** θ (डिग्री) $\left(\theta = \frac{\theta_1 + \theta_2}{2}\right)$	Vy (Vm)	tan θ	$\tan^2\theta$
1.									
2.									
3.									
4.									
5.									

11. प्रेक्षण सारणी 10.1 से प्राप्त आंकड़ों के साथ V_y और $\tan^2\theta$ के बीच का ग्राफ़ आलेखित करें (चित्र 10.4)



चित्र 10.4: $\tan^2\theta$ (को x-अक्ष पर) और V_y (को *y*-अक्ष पर) का आलेख ।

10.4 *e/m* का परिकलन

चित्र 10.4 में दर्शाए अनुसार ग्राफ के प्रवणता की गणना करें।

$$Slope = \frac{AB}{BC} = ...\text{Vm} \qquad (10.11)$$

प्रवणता का मान $\frac{V\,y}{\tan^2\theta}$ के बराबर है । समीकरण 10.10 मे $Slope = \frac{V\,y}{\tan^2\theta}$ प्रतिस्थापित करने पर, हम प्राप्त करते हैं:

$$\frac{e}{m} = \frac{\text{Slope}}{H_E^2}\frac{1}{l\left(\frac{l}{2}+L\right)d} \qquad (10.12)$$

Slope, *l*, *L*, *d and* H_E के मानों का उपयोग करके समीकरण (10.12) से हम *e/m* के मान की गणना कर सकते हैं।

परिणाम:

e/m का मान =..... C/Kg

मानक मान (e/m = 1.76×10^{11} C/Kg).

प्रतिशत त्रुटि = ...% (मार्जिन टिप्पणी देखें)

10.5 सावधानियाँ और और त्रुटि के स्रोत

1. पास में कोई बाहरी चुंबकीय क्षेत्र नहीं होना चाहिए जो CRT के अंदर इलेक्ट्रॉन किरण पुंज की गति को प्रभावित कर सके।
2. CRT और दंड चुंबक की धुरी, एक दूसरे के लंबवत होनी चाहिए।
3. CRT की धुरी पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के उत्तर–दक्षिण दिशा में होनी चाहिए।
4. स्क्रीन पर दीप्त बिन्दु , स्पष्ट और उज्ज्वल होना चाहिए। वह बिन्दु किसी निश्चित स्थिति में अधिक समय तक नहीं रहना चाहिए ।
5. दोनों सिरों से अलग–अलग θ_1 और θ_2 नोट करना न भूलें ।